

■ भाजपा सांसद ने कहा- केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में मील का पत्थर
-7



■ भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे
-10



■ दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार
-11



■ एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत
-12

आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.59


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 7, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो, अब बाबरी कभी नहीं बनेगी : योगी

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को बाराबंकी से दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।



बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंट की गई।

- बोले- ये सपना नहीं होगा पूरा, कोई कानून तोड़ जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम जाएगा

#### भारत-भारतीयता पर हो रहे प्रहार : सीएम

योगी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी।

## यूपी का बजट आज, संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने की होगी कोशिश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। विकास के साथ-साथ लोक-लुभावन घोषणाओं का संतुलन देखने को मिल सकता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि, मुफ्त बिजली, नई पेंशन योजनाओं के जरिए योगी सरकार 'संकल्प पत्र' के वादों को पूरा करने की बड़ी कोशिश कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण और संभवतः अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' बनाने की दिशा में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार करीब नौ लाख करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले आने वाला यह बजट सरकार के ''संकल्प पत्र'' के अधूरे वादों को पूरा करने की आखिरी बड़ी कोशिश माना जा रहा है। इस बजट की सबसे चर्चित और प्रतीक्षित घोषणा ''मुफ्त स्कूटी योजना'' हो सकती है। भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था। हालांकि पिछले बजट में इसके लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन वितरण की प्रक्रिया अब तक परवान नहीं चढ़ सकी है। सूत्रों की मानें तो इस बार के बजट में सरकार इस वादे को अमलीजामा पहनाने के लिए भारी बजट आवंटित कर सकती है, जिससे प्रदेश की लाखों मेधावी बेटियों की शिक्षा और गतिशीलता को नई उड़ान मिलेगी।



- मुफ्त बिजली और नई पेंशन पर भी उम्मीदें, बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र के मानदेय में वृद्धि पर नजर

#### मानदेय में वृद्धि के संकेत

सरकार 1.43 लाख शिक्षामित्रों और हजारों अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। वर्तमान में मिल रहे 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 17 से 20 हजार रुपये तक किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया रुख के बाद अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है। चुनावी साल में यह कदम सरकार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा मास्टरस्ट्रोक होगा।

#### सूरत बदलने वाली योजनाओं को प्राथमिकता

इस दसवें बजट में केवल भत्ते ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सूरत बदलने वाली योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क और पुलों के निर्माण के लिए भारी आवंटन संभव है। वृद्धावस्था और अन्य सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। गांवों के समग्र विकास और गरीबों के लिए आवास योजनाओं को नई गति मिलेगी। युवाओं और रोजगार पर विशेष नजर युवाओं को साधने के लिए 'स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना' के तहत टैबलेट वितरण का बजट बढ़ाया जा सकता है। कौशल विकास की नई योजनाएं और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बड़े आवंटन की उम्मीद है।

### न्यूज ब्रीफ

#### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

#### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

## बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

#### महिला सांसदों ने विपक्ष पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

## केंद्र से पूछा-लापता बच्चों के पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। पीठ एनजीओ 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

#### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

#### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे। त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी।

## निकांत जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला रद्द

- सोलर पावर परियोजना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अहम फैसला देते हुए कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। यह आपराधिक मामला प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़ा हुआ था।

यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निकांत जैन की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि मामले में भारतीय न्याय संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध प्रथम दृष्टया बनता ही नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्ज शीट तथा 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि शिकायतकर्ता ने स्वयं स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई थी। मामले की एफआईआर 20 मार्च 2025 को गोमती नगर थाने में दर्ज की गई थी, जो एक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सोलर मैन्युफैक्चरिंग परियोजना की मंजूरी के लिए परियोजना लागत के पांच प्रतिशत की रिश्वत मांगी गई। निकांत जैन की ओर से दलील गई दी कि आरोप अस्पष्ट, साक्ष्य विहीन और कारोबारी प्रतिद्वंद्विता व प्रशासनिक भ्रम का नतीजा हैं। यह भी तर्क दिया गया कि न तो कोई धनराशि दी गई, न कोई संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभू सौंपी गई और न ही किसी प्रकार की धमकी देने की बात सामने आई है। यह भी कहा गया कि विवेचना के दौरान नक्शा-नजरी नहीं बनाया गया और कथित एक करोड़ रुपये नकद की कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। कोर्ट ने भी पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित हो कि अभियुक्त ने किसी लोक सेवक को अनुचित लाभ देने की पेशकश की हो।

## अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**संभल हिंसा मामला**

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

**सख्ती** | एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

## एआई सामग्री पर लेबल लगाना जरूरी, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। साथ ही एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में 'ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी' और 'बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।




#### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

न्यूज ब्रीफ

## सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में संतकबीरनगर के सहायक चकबंदी अधिकारी रामदरश को निलंबित कर दिया गया है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। मामला संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी से जुड़ा है, जहां चकबंदी के दौरान मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबर नियम विरुद्ध तरीके से बदलकर 'उड़ान चक' में दर्ज कर दिए गए। साथ ही, समय रहते उनकी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण भी नहीं किया गया। इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर सहायक चकबंदी अधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

## अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, 10 तमंचे बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। एसटीएफ के प्रवक्ता के मुताबिक पिछले कुछ समय से लखनऊ और अयोध्या क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी की खबर मिल रही थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करके मायाराम पुत्र श्रीपाल लोहार निवासी कंजा शरीफपुर तालगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 10 बने हुए तमंचे बरामद किए हैं।

## पम्पों पर मिला सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल डीजल, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने मिलावटी ईंधन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। बायो डीजल पम्प के नाम पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा चलाई जा रहीं दो पम्पों से करीब सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल-डीजल के साथ ही पम्प खोलने के लिए जारी लेटर आफ इंटेक्ट भी बरामद किए हैं। इस खुलासे के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में खोले जा रहे कथित बायो डीजल के करीब चार दर्जन पम्पों को रडार पर ले लिया है। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अधिक गाड़ियां खराब होने की शिकायतें मिलना शुरू हुईं तो छानबीन शुरू की गई। पता चला कि बायो डीजल के नाम पर कुछ पम्प खोले जा रहे हैं। इन पम्पों से मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरा जा रहा है। एसटीएफ ने जब जाल बिछाया तो एटा जिले के सलेमपुर- अवागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर छापा मारा गया

# फार्म-7 को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई जिलों में बड़ी संख्या में जमा किए गए फार्म-7 को निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, सहारनपुर, बलिया, सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बांदा समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फार्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सपा ने कहा कि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

# अब ओटीपी देने पर होगा कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में 15 फरवरी से पशुओं का टीकाकरण और 1 अप्रैल से एआई में अनिवार्य
- भारत पशुधन एप पर फीड होंगे छूटे आधार व मोबाइल नंबर

**अमृत विचार :** प्रदेश में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कराने में मनमानी और पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी। 1 अप्रैल से पशुपालकों को एआई कराने के लिए चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी या फिर पैरावेट को मोबाइल ओटीपी देना अनिवार्य होगा।

उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद पारदर्शिता, वास्तविक आकलन और सहूलियत के लिए यह व्यवस्था लागू कर रहा है। सबसे पहले ''भारत पशुधन एप'' पर पशुपालकों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पशुओं का ईयर टैग नंबर 100 फीसद फीड किए जाएंगे। दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट रखना होगा। इससे एप पर कृत्रिम गर्भाधान, किसी भी पशु का टीकाकरण, पशुधन बीमा आदि कार्य व योजनाओं का विवरण सत्यापित होकर मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इस आधार पर कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण किया जाएगा। इसकी मौके पर एप पर फीडिंग की जाएगी तभी प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। इसके अलावा पुरानी व्यवस्था में बिना ओटीपी के एप पर गांव और पशुपालकों का विवरण खुलने पर मनमानी फीडिंग की जाती है। इसे रोकने के लिए साफ्टवेयर अपडेट किया गया है। जो बिना ओटीपी के नहीं खुलेगा।

### ज्यादातर के टैग, आधार और मोबाइल नंबर नहीं



- अब तक की व्यवस्था में ज्यादातर पशुओं के ईयर टैग न ही पालकों का आधार व मोबाइल नंबर फीड है। कई के मोबाइल नंबर गलत, अधूरे व बंद हैं। जिनके दर्ज हैं वह मौके पर नहीं मिलते हैं। ऐसी स्थिति में बिना ओटीपी का विकल्प अपनाकर एआई व टीकाकरण करने के बाद एक साथ मनमानी फीडिंग कर दी जाती है। खासकर पैरावेट निशुल्क सरकारी की बजाय पैसे लेकर निजी एआई करते हैं। अब पैरावेट को मौके पर ओटीपी और फीडिंग के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

> केंद्र सरकार ने यह अनिवार्यता की है। इससे मनमानी नहीं चलेगी। बल्कि पारदर्शिता आने से वास्तविक आकलन होगा और इसी आधार पर आगे का लक्ष्य निर्धारित करके लाभान्वित करेंगे।
>
> **-डॉ. पीके सिंह,** सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद।

साथ ही कितने पशु लाभान्वित हुए कितने छूटे यह ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज रहेगा। 22 जनवरी से 10 मार्च तक चलने वाले खुरपका-मुंहपका विशेष टीकाकरण अभियान में 15 फरवरी से ओटीपी अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी मौके पर ही फीडिंग की जाएगी। टीकाकरण के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेसी नहीं होगी।

# आरक्षण और शिक्षकों के वेतन पर हंगामा

## विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्तावों पर विरोध, नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए स्थगित हुई कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान परिषद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल, कार्यस्थगन प्रस्तावों और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बीच हंगामेदार रही। सपा सदस्यों ने आरक्षण और भर्ती में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में नारेबाजी की, जिसके चलते कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण का मुद्दा उठाया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान आशुतोष सिन्हा ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए वाराणसी में पुलिस कार्रवाई को मुद्दा बनाया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से साक्ष्य उपलब्ध कराकर पुलिस महानिदेशक से जांच कराने के निर्देश दिए।

नियम 105 के तहत सपा के कई सदस्यों ने आरक्षण नियमों के पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्य बेल में आ गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सदन में अव्यवस्था बढ़ने पर कार्यवाही दोपहर 1:20 बजे 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर भी कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भोजनावकाश के बाद अपराह्न 3:30 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में कार्यवाही फिर शुरू हुई। कार्यसूची की मदें निपटाई गईं और याचिकाओं को समिति को भेजा गया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्यपाल सिंह और उमेश द्विवेदी ने चर्चा की, जबकि सपा के लाल बिहारी यादव ने विरोध में अपने विचार रखे। अंत में अधिष्ठाता ने शाम 5 बजे सदन की कार्यवाही 11 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### भर्ती में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन होगा: केशव मौर्य

- विधान परिषद के बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी भर्तियों में आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आरक्षण प्रावधानों को लागू करने के संकल्प को सरकार दोहराती है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण का ब्यौरा देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होती, बल्कि सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के लिए कार्मिक विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने 7994 लेखपाल पदों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को ठीक कर 3205 पद अनारक्षित, 1679 एससी, 160 एसटी, 2158 ओबीसी और 792 ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती माफिया पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सदन में मंत्रियों के जवाब

### दिव्यांगों की पेंशन तीन गुना बढ़ी, लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित: नरेन्द्र कश्यप



- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधान परिषद में कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जाते हैं। सिद्धार्थनगर जिले में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, निर्धारित आय सीमा और अन्य पेंशन न लेने की शर्त पूरी करने वाले व्यक्ति को पेंशन मिलती है। आवेदन ऑनलाइन होता है और सत्यापन के बाद राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश में 16,478 परियोजनाएं शुरु, 12.10 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश : नंदी



- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विधान परिषद में बताया कि इन्वेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश धरातल पर उतरा है। अब तक 16,478 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जिनमें लगभग 12.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और राज्य "उत्तम प्रदेश" के संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 की इन्वेस्टर समिट में 1,045 इकाइयों ने 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए थे, जबकि 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 19,250 इकाइयों ने 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों में कुल 16,478 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण जल्द शुरू होगा। भूमि उपलब्ध होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है और अनुबंध के बाद नौ माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसान विरोधी: सुनील सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



चौधरी सुनील सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तथाकथित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह से किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि दबाव में आई केन्द्र सरकार की राजनीतिक मजबूरी का परिणाम है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि समझौता रद्द नहीं हुआ तो फिर किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। लोकदल ने मंगलवार को लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित कार्यालय पर किसान संगठनों के साथ बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि को तबाह करने की एक सोची-समझी साज़िश है। एक ओर जहाँ अमेरिका में एक किसान को हर साल 60 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीज़ल और पूरी सरकारी सुरक्षा मिलती है, वहीं भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीज़ल, कर्ज़ और बिना एमएसपी की कानूनी गारंटी के इंतजार में खड़ा है।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा

- सत्ता व विपक्ष ने विधानसभा में प्रो. श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गौड़ दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में बरेली के फरीदपुर से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी से विधायक विजय सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं ने दोनों दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और कुछ क्षण मौन रखकर नमन किया। योगी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता खोए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रो. श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। वे मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के वरष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

### राजनीतिक चमक दमक से दूर थे विजय सिंह

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधानसभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी। शोक प्रकट करने के साथ ही विधान सभा बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।



विधानसभा में शोक प्रस्ताव रखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल जब्त

- बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# समृद्ध योजना से स्टार्टअप हब बनने की ओर यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र की पहल में मजबूत भागीदारी, 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'समृद्ध' योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। इस योजना के तहत चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है, जिससे स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ मेंटरशिप और बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। समृद्ध योजना के तहत उत्तर प्रदेश से 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था, जिनमें से 4 का चयन किया गया। इन एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिला, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग हासिल करने में सफल रहे। योजना के तहत प्रदेश के स्टार्टअप्स को 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई, जिसका उपयोग उत्पाद विकास, तकनीकी मजबूती और बाजार विस्तार के लिए किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की इस योजना में प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि एक्सेलेरेटरों को भी स्टार्टअप्स को मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रदेश सरकार का मानना है कि स्टार्टअप नीति, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा, आधुनिक अवसंरचना और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहलों ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है।

### समृद्ध योजना में यूपी की प्रमुख उपलब्धियां

- 10 एक्सेलेरेटरों ने किया प्रदेश सेआवेदन
- 4 एक्सेलेरेटरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन
- 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट
- 27 स्टार्टअप्स को मिली फंडिंग
- 9.91 करोड़ की राशि वितरित
- हेल्थटेक, एजुटेक, एग्रीटेक, फिनटेक समेत कई क्षेत्रों को मिला लाभ
- 40 लाख तक अधिकतम प्रति स्टार्टअप की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान

तैयारी

100 साल पुराने विधानभवन की जगह पर बनेगा आधुनिक सत्ता केंद्र

# सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा नया विधानभवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत
- शासन ने एलडीए को सौंपी जिम्मेदारी, कंसल्टेंट तय कर जल्द बनेगी डीपीआर

**अमृत विचार:** नया विधानभवन गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा। शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो भवन का डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगा।100 साल पुराने विधानभवन की जगह इस आधुनिक सत्ता केंद्र से रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से भी निजात मिलेगी।

सहारा शहर परिसर की यह जमीन अब पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ चुकी है। इसमें करीब 75 एकड़ जमीन एलडीए और 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने अपने कब्जे में ली है। जमीन की पैमाइश पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। उच्च स्तर पर नए विधानभवन के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है। वर्तमान विधानभवन करीब एक सदी पुराना है और राजधानी के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित है। समय के साथ विधायकों की संख्या, प्रशासनिक इकाइयों और सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भवन का ढांचा सीमित ही रहा। पार्किंग की कमी, वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। नई विधानसभा के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। सहारा शहर का इलाका चौड़ी सड़कों, बेहतर कनेक्टिविटी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं के कारण इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

### कंसल्टेंट तैयार करेगा पूरा खाका

- एलडीए अधिकारियों के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट पूरे प्रोजेक्ट का तकनीकी आधार तैयार करेगा। इसके तहत कॉन्सेप्ट प्लानिंग, मास्टर प्लान, आर्किटेक्चरल डिजाइन, भवन की ऊंचाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक, पार्किंग, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन भी किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत, चरणबद्ध निर्माण योजना और समय-सीमा तय कर शासन को डीपीआर सौंपी जाएगी।

### कंसल्टेंट बनाएगा नए विधान भवन का नक्शा


- नए विधान भवन बनाने के लिए एलडीए कंसल्टेंट नियुक्त करेगा। कंसल्टेंट मानचित्र से स्ट्रेक्चर का खाका तैयार करके एलडीए को देगा। इसका प्रस्ताव एलडीए शासन को भेजेगा और अनुमति मिलने पर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई तैयार की जाएगी।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा निर्माण

- नई विधानसभा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखकर आने वाले दशकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्ष भवन, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और बड़े पार्किंग जोन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि कंसल्टेंट के चयन के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नया विधानभवन न केवल प्रदेश की सत्ता का आधुनिक केंद्र बनेगा, बल्कि गोमतीनगर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति देगा।







# इटौंजा थाने के पास चार गोदामों में मिला 4579 किलो बारूद

## अवैध पटाखों के चारों गोदाम सील, गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया गया बारूद, दरोगा की तहरीर पर तीन भाइयों पर रिपोर्ट, तलाश में लगी पांच टीमें

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** इटौंजा थाने से महज 500 मीटर दूरी पर पटाखों के अवैध भंडारण को लेकर की गई पुलिस कार्रवाई ने लाइसेंस, भंडारण क्षमता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विस्फोटक सामग्री की सूचना पर सोमवार देर रात तक चली कार्रवाई में चार गोदाम सीज करते हुए 4579 किलो बारूद बरामद किया गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की संयुक्त टीम द्वारा की गयी यह कार्रवाई इटौंजा क्षेत्र की तीन दुकानों से जुड़े गोदामों पर की गई।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने सोमवार देर रात छापेमारी कर लाखों रुपये कीमत का बारूद व पटाखा सामग्री बरामद किया है। मंगलवार को बम निरोधक दस्ता की मदद से दोबारा चेकिंग करवाई और फिर गड्ढा खुदवाकर करीब पांच घंटे में पूरे माल को नष्ट करवाया। पुलिस ने तीन भाइयों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और अवैध भंडारण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तीनों की तलाश में पांच टीमें लखनऊ समेत पड़ोसी जनपदों में दबिश दे रही हैं।

- दिवाली की तरह हुई आतिशबाजी देखने के लिए ग्रामीणों लगी भीड़

### दूसरी जगह का लाइसेंस लेकर चला रहा था दुकान

- छापेमारी के दौरान कई लोगों ने दुकानें बंद कर दी। बरामद दुकानों के ठीक सामने भारत फायर वर्क्स नाम से अबरार की लाइसेंसी दुकान भी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अबरार का लाइसेंस 2027 तक वैध है, लेकिन निर्धारित स्थान पर दुकान नहीं चल रही थी और उसे कई बार नोटिस दिया गया है। वह दुकान अवैध रूप से संचालित कर रहा था।


जब्त किया गया बारूद।


बारूद को नष्ट करते समय दहकती आग।

इटौंजा के महोना रोड पर जुबैर ट्रेडर्स नाम से संचालित दुकानों में भारी मात्रा में विस्फोटक भंडारण की शिकायत मिलने पर सोमवार रात एडीसीपी ऋषभ रुणवाल, एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बीडीएस, डॉग स्क्वॉयड व दमकल की टीमों को लेकर छापा मारा। रात में इलाके की घेराबंदी कर दी गई थी। चारों गोदाम के शटर खुलवाया गया तो बोरियों और कागज के डिब्बों में भरा बारूद व पटाखों का जखीरा बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि इमरान नामक व्यक्ति की तीन बड़ी और एक छोटी दुकान में यह सामग्री भरी थी। टीम ने माल का वजन करवाया तो 4579 बारूद मिला है।

इसके बाद राजस्व टीम की मौजूदगी में इंस्पेक्टर इटौंजा मारकंडेय यादव ने जेसीबी से इटौंजा–महोना रोड स्थित श्मशान घाट के पास एक तालाब किनारे गड्ढे खुदवाए। इसके बाद ट्रकों से सामग्री ले जाकर अधिकारियों की निगरानी में उसे निष्क्रिय किया गया। मौके पर दमकल की गाड़ियां भी तैनात रही। ग्रामीणों ने बताया कि गोदाम थाने से महज आधा किलोमीटर दूरी पर हैं। आसपास घनी आबादी व बाजार है। इसके बाद भी बड़े पैमाने पर बारूद का भंडारण होता रहा और पुलिस को पता तक नहीं चला। ग्रामीणों ने बताया कि अगर कोई घटना होती तो कई दुकान-मकान के साथ ही बड़ी जनहानि हो सकती थी।

एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि दुकान व गोदाम बिना लाइसेंस के चल रही थी। इस मामले में हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार तिवारी की तहरीर पर इटौंजा के वार्ड नंबर-9 कस्बा निवासी इमरान, उसके भाई आदिल और अबरार के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम व भंडारण की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की पांच टीमें लगाई गई हैं।

### पहले भी हो चुके हादसे

- **31 अगस्त 2025 :** गुडंबा स्थित बेहटा गांव में मकान में चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से आलम, मुन्नी समेत चार की मौत।
- **8 अप्रैल 2025 :** गोसाईंगंज के जौखंडी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट। मलबे में दबकर मजदूर सलमान घायल। अवैध फैक्ट्री संचालक गिरफ्तार।
- **09 सितंबर 2023 :** देवा रोड पर पटाखों में विस्फोट से दुकानदार समेत तीन लोग घायल।
- **12 अप्रैल 2023 :** इटौंजा महोना रोड पर सुतली बम बनाते समय दुकान में धमाका से आरिफ की मौत। इकरार, रहमत, आमीन हुए घायल।
- **04 अक्टूबर 2022 :** बीकेटी बरगदी गांव के दो मंजिला मकान में चल रही पटाखा फैक्ट्री में धमाका। एक की मौत, 14 घायल।
- **14 मई 2022 :** मलिहाबाद के एक मकान में पटाखा भंडारण से धमाके से लगी आग, तीन झुलसे।
- **18 मार्च 2019 :** इटौंजा में घर के अंदर चल रही पटाखा फैक्ट्री में धमाका। कई लोगों की मौत।
- **04 जून 2018 :** काकोरी के मुन्ना लाल खेड़ा गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से नासिर, उसकी बेटी नसरीन व रामशरण की मौत।
- **13 सितंबर 2015 :** पारा के डॉक्टर खेड़ा में विस्फोट से मकान गिरा। विस्फोट में दंपति और उनकी बेटी की मौत हो गई।
- **20 सितंबर 2014 :** मोहनलालगंज के सिसेंडी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 लोगों की मौत। 20 से अधिक घायल हुए।
- **15 मार्च 2014 :** अमेठी के मोती तालाब में रियाजुल की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, छह की जान गई।

## न्यूज ब्रीफ

### मनरेगा में एसएनए स्पर्श शुरू, किया भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा में लागू भुगतान की नई व्यवस्था जिले में शुरू हो गई है। सभी विकास खंड पर एसएनए स्पर्श पोर्टल इंस्टॉल करके काम होने लगा है। शुरुआत में कंटीजेंसी का किया गया भुगतान सफल रहा है। केंद्र ने लिमिट के अनुसार भुगतान की यह व्यवस्था लागू की है। एसएनए स्पर्श पोर्टल वित्त विभाग का है। इससे मनरेगा का भुगतान एक निर्धारित लिमिट के अनुसार किया जाएगा। यानी कार्य व भुगतान की लिमिट तय की जाएगी और उतना ही भुगतान किया जाएगा। इससे कार्यों के साथ भुगतान में फर्जीवाड़ा रुकेगा और सभी को भुगतान होगा। पुरानी व्यवस्था में कोई लिमिट नहीं थी। बजट मिलने पर एक साथ कार्यों का भुगतान किया जाता था। अन्य कार्यों का भुगतान नहीं हो पाता था। उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सभी ब्लॉक एसएनए पोर्टल से अपग्रेड हो गए हैं। शुरुआत में कंटीजेंसी का भुगतान ब्लॉकों ने किया है। इससे पारदर्शिता आएगी।

### तार व मार्बल लगाने की मशीन चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बस्ती जिले के लालगंज निवासी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उन्होंने बिजनौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर स्थित अवध रेजीडेंसी में नया मकान बनवा रहे हैं। मकान में पुट्टी और पेंट का कार्य चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि 7 फरवरी शाम करीब 5 :30 बजे पेंटर काम खत्म करने के बाद मकान बंद करके चले गए। देर रात में मकान की दूसरी मंजिल के जंगले की ग्रिल काटकर घुसे चोर इलेक्ट्रिक वायरिंग के तारों के साथ मार्बल लगाने की मशीन चोरी कर ले गये।

### रंजिश में युवक पर हमला कर सिर फोड़ा

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुरानी रंजिश में दबंग ने युवक को पीटने के बाद डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। खून से लथपथ घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। पत्नी ने डॉयल–112 पर सूचना दी। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मंझी निकरोजपुर निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार रात रोड पर मैकू की किराना दुकान पर सामान लेने के लिए रुका था, वहीं हमला किया गया।

# देवर को जेल भिजवा भाभी गई मायके, भाई ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सूचना पर पत्नी व मायकेवाले पहुंचे तो दोबारा हुआ हंगामा
- मां ने विधवा बहू और उसकी बहन के लिए दी तहरीर, हिरासत में

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज के डेहवा ग्राम नेवलखेड़ा में सोमवार को नशे में धुत युवक का भाभी से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर महिला ने पुलिस को सूचना देकर देवर को जेल भेजवा दिया और खुद मायके चली गई। इस बात से क्षुब्ध होकर महिला के पति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को मृतक की पत्नी और उसके मायकेवाले पहुंचे तो दोनों पक्षों की एक-दूसरे से बहस हो गयी। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने शांत कराया। मृतक की मां ने आरोपी भाभी और उसकी बहन के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

ग्राम नेवलखेड़ा निवासी शटरिंग कारीगर मनोज सोमवार को पत्नी लवली के साथ घर पर था। इसी बीच मनोज का छोटा भाई छोटू नहाने के लिए उसके घर पहुंचा। लवली और छोटू के बीच विवाद हो गया। लवली ने छोटू पर नशे में झगड़ने का आरोप लगाते हुए डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस लवली के आरोप पर मनोज को कोतवाली ले गई। पुलिस ने शांति भंग में चालान कर छोटू को जेल भेज दिया। छोटू के जेल जाने को लेकर लवली और उसके ससुरालवालों के बीच दोबारा जमकर विवाद हुआ।

झगड़े के चलते लवली वहां से मायके चली गई। वहीं, विवाद से क्षुब्ध होकर मनोज ने मंगलवार को कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। फंदे पर मनोज का शव लटका देख घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच मनोज की पत्नी लवली और उसके मायकेवाले भी आ गए। दोनों के बीच फिर विवाद बढ़ा। विवाद बढ़ता देख इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। मृतक की मां मायावती ने बहू लवली और उसकी बहन के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू से छोटू ने नस काटने का किया प्रयास छीनाझपटी में दरोगा घायल

- बताया जा रहा है कि सोमवार को देवर–भाभी के बीच विवाद की सूचना पर जब मोहनलालगंज पुलिस पहुंची। लवली की शिकायत पर उपनिरीक्षक छोटू को ले जाने लगी तो उसने चाकू उठा लिया। छोटू ने हाथ की नस काटने की कोशिश की। चाकू छुड़ाने के दौरान दरोगा और छोटू में छीनाझपटी हो गई। जिसमें दरोगा के हाथ में चोट भी लग गई। परिजन का आरोप है कि हाथ में चोट लगने से गुस्साए दरोगा ने छोटू को जेल भेज दिया। पुलिस चाहती तो शांति भंग में चालान कर मुचलका भरवाकर छोड़ सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया।

### दरोगा पर अभद्रता और पिटाई का आरोप

- वहीं, छोटू की बड़ी भाभी संगीता ने उपनिरीक्षक पर अभद्रता और पिटाई का आरोप लगाया। आरोप है कि दरोगा जब छोटू को कोतवाली ले जाने लगा तो उन्होंने भी विरोध किया था। इस पर दरोगा ने लात से छोटू को पीटा और उनसे भी अभद्रता की थी। इंस्पेक्टर ने दरोगा पर लगे आरोप को निराधार बताया है। उनका कहना है कि अगर दरोगा छोटू को न पकड़ते तो वह अपनी नस काट लेता।

### दरोगा पर कार्रवाई की मांग पर हंगामा

- भाभी संगीता से सोमवार को अभद्रता करने वाले दरोगा के खिलाफ कार्रवाई व मृतक की पत्नी व उसके मायकेवालों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा शुरु कर दिया। यही नहीं पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस मृतक की पत्नी लवली व उसकी बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सरोजनीनगर में हुए हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊः** माल थाना क्षेत्र के भरावन स्थित भुलभुला गांव का रहने वाला शैलेंद्र सिंह (27) कुछ समय से बंथरा के बनी स्थित एक फार्म हाउस में रहकर नौकरी करता था। रविवार देर शाम शैलेंद्र अपनी स्कूटी से दोस्त सुशील के साथ किसी काम से जा रहा था। सरोजनीनगर स्थित दरोगा खेड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों घायल हो गए। गंभीर हालत में पुलिस ने शैलेंद्र को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। परिजन शैलेंद्र को ट्रामा सेंटर से रेफर कराकर ठाकुरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मंगलवार को शैलेंद्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त सुशील बंथरा के कटी बगिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है। भाई अंकित ने दोस्त सुशील से पूछताछ करने की मांग की है।






### हत्या का आरोप

मायकेवालों ने किया हंगामा, पति समेत तीन के खिलाफ दी तहरीर

# ससुराल में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज के भदिरनखेड़ा की घटना

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज के भदिरनखेड़ा गांव स्थित ससुराल में मंगलवार सुबह महिला का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। मायकेपक्ष का आरोप है कि पति और अन्य ससुरालवालों ने उसे मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

कृष्णानगर के गंगाखेड़ा निवासी मनोज यादव ने बताया कि बहन ललिता (37) की शादी वर्ष 2019 में भदरिनखेड़ा मोहनलालगंज के रहने वाले राम मिलन से की थी। बहन के दो बच्चे हैं। ललिता की शादी में मायकेवालों ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था। इसके बाद भी पति राम मिलन और उसके घरवाले ललिता को परेशान करते थे। बहन की ननद की शादी थी। आरोप है कि राम मिलन ललिता पर दबाव बना रहे थे कि वह अपने मायके से तीन लाख रुपये लेकर आए। रुपये न लाने पर वह लोग उसके साथ मारपीट करते थे।

मंगलवार सुबह बहनोई के मामा ने मनोज को फोन कर ललिता की मौत की जानकारी दी। बहन की मौत की खबर सुनते ही मायकेवाले भदरिनखेड़ा गांव पहुंचे। वहां देखा कि ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। मौके पर पुलिस मौजूद थी। कमरे में गए तो बहन का शव पंखे में बंधी साड़ी के सहारे लटक रहा था और दोनों पैर जमीन में छू रहे थे। पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई मनोज ने बहनोई और उसके माता-पिता के खिलाफ ललिता को मारपीट कर लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने ननिहाल में फंदा लगाकर की खुदकुशी

- **अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के देवरी रुखारा स्थित लोहारन पुरवा में युवक ने ननिहाल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मदारीपुर निवासी विनीत गौतम उर्फ छोटू (24) कुछ दिनों से अपने ननिहाल में रह रहा था। सोमवार देर रात विनीत ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचे और शव उतारकर घर ले गए। सूचना मिलते ही बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026

लखनऊ

## न्यूज ब्रीफ

### दो चोर गिरफ्तार, तार और ई-रिक्शा बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** इलेक्ट्रिक तार चोरी करने वाले दो आरोपियों को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दस बंडल तार और चोरी में प्रयुक्त ई-ऑटो बरामद किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आरोपियों में अनिल कुमार निवासी खीरी हालपता बड़ा चांदगंज अलीगंज और राजकुमार निषाद निवासी खीरी हालपता फैजुल्लागंज मड़ियांव हैं। पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा किया है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म के आरोपी को हुसैनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजय गुप्ता उन्नाव के सोहरामऊ स्थित ग्राम लोहरामऊ का रहने वाला है। 5 फरवरी को पीड़िता पिता ने 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि 3 फरवरी को किशोरी घर से निकली तो वापस नहीं लौटी। छानबीन में पता चला कि किशोरी को मोहल्ले का अजय बहलाकर ले गया है। 9 फरवरी को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई है।

### लिवइन में पति को पकड़ा तो पीट दिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना इलाके में रुचिखंड में एक महिला ने पति पर दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाया। इसपर पति ने पत्नी को पीट दिया। पीड़िता पत्नी ने आशियाना थाने में तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि पीड़िता फतेहपुर जनपद की रहने वाली है। आरोप है कि रविवार को पति ने आने के लिए कहा था। वह नहीं आए। उसे जानकारी मिली कि पति एक अन्य महिला के साथ लिवइन में किराए पर रहे हैं। इस पर वह पहुंची। पति को रंगेहाथ पकड़ लिया। विरोध पर पति ने पीट दिया। किला चौकी प्रभारी शुभम ने बताया कि मामला करीब एक महीने पुराना है। दोनों में काफी समय से विवाद चल रहा है। जांच की जा रही है।

### नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सैरपुर थाना क्षेत्र में गोमती नदी में नहाते उतरे एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सैरपुर निवासी किसान लाला सोमवार को गोमती नदी में नहाने गया था। वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करते हुए नदी किनारे पहुंचे तो लोगों ने एक युवक के डूबने की जानकारी दी। पुलिस ने गोताखोरों से तलाश कराई। कुछ देर बाद लाला का शव गोताखोरों ने ढूंढ लिया। पुलिस ने लाला का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

### मधुमक्खियों के हमले में दो भाई गंभीर

**अमृत विचार, उन्नाव :** सिंघूपुर में खेत जा रहे दो सगे भाइयों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। सिंघूपुर गांव निवासी नरेश व कन्हैया लाल पुत्र रामलाल रोज मंगलवार की सुबह खेत जा रहे थे। तभी रास्ते में मधुमक्खियों के झुंड हमला कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को बचाया और तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कर भाईयों का इलाज शुरू किया गया।

# प्रदेश के 21 जिलों में शुरू किया गया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया वर्चुअल शुभारंभ, 1.40 करोड़ लोगों को खिलाई जाएगी दवा

**अमृत विचारः** प्रदेश के 21 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष और मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल सहित संबंधित जिलों के अधिकारी जुड़े।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फाइलेरिया देश में गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या है, जो रोगी और उसके परिवार पर सामाजिक-आर्थिक बोझ डालती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान देश के 12 राज्यों के 124 जिलों में चलाया जा रहा है और इसे जनआंदोलन का रूप देना आवश्यक है, ताकि हर पात्र व्यक्ति दवा का सेवन कर सके।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश में यह अभियान 10 से 28 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत आशा और अन्य स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर 1 करोड़ 40 लाख लोगों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक पात्र आबादी द्वारा दवा सेवन करने पर ही संक्रमण की कड़ी टूटेगी और फाइलेरिया मुक्त राज्य का लक्ष्य हासिल होगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है, जिसके लक्षण अक्सर 10 से 15 वर्षों बाद दिखाई देते हैं। इसलिए कई लोग इसके लक्षणहीन वाहक होते हैं और संक्रमण फैलाते रहते हैं। समय पर दवा सेवन से इस बीमारी को रोका जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भ्रम में न आएं, खाली पेट दवा न लें और स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ वर्चुअल बैठक में शामिल उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

अभियान के तहत एक वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित आइवरमेक्टिन, डाइएथाइलकार्बामाजीन और एल्बेंडाजोल दवाएं दी जाएंगी। गर्भवती महिलाओं, एक वर्ष से कम आयु के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी।

प्रदेश में यह अभियान 21 जिलों के 64 ब्लॉकों में चलाया जा रहा है, जिसमें शाहजहांपुर, बलिया, बाराबंकी, उन्नाव, चित्रकूट, प्रतापगढ़, हरदोई, प्रयागराज, सोनभद्र, कौशांबी, अयोध्या, भदोही, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर, खीरी, पीलीभीत, औरैया, बांदा, फतेहपुर और बहराइच शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की निगरानी के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीमें भी तैनात की हैं।

### जीडी भर्ती में शामिल हुए 911 अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में मंगलवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई। इसमें कानपुर नगर की सदर, घाटमपुर, नरवल, बिल्हौर तहसीलों के 911 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया । 11 फरवरी को जनरल ड्यूटी श्रेणी में फतेहपुर की बिंदकी, फतेहपुर एवं खागा तहसील व लखनऊ की मलिहाबाद, बीकेटी, लखनऊ, मोहनलालगंज एवं सरोजनीनगर तहसील के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

# मछुआरा बाहुल्य गांवों में बनेंगे उत्सव भवन

## 1.41 करोड़ से पंचायत उत्सव भवन की तर्ज पर निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मछुआरा पालक कल्याण कोष के दिशा-निर्देशों में संशोधन

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने मछुआरा पालक कल्याण कोष के तहत संचालित योजनाओं में संशोधन करते हुए मछुआरा बाहुल्य गांवों में बहुउद्देश्यीय उत्सव भवनों के निर्माण का निर्णय लिया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर पूर्व के दिशा-निर्देशों में आवश्यक संशोधन कर दिए गए हैं। 1.41 करोड़ रुपये लागत से पंचायत उत्सव भवन की तर्ज पर निर्माण होगा।

अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से ओर मत्स्य विभाग के महानिदेशक को मंगलवार को भेजे गए शासनादेश के अनुसार, प्रदेश के मछुआरा बाहुल्य गांवों में अब सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुउद्देश्यीय सामुदायिक उत्सव भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों का उपयोग सामाजिक, शैक्षिक और मांगलिक कार्यक्रमों—जैसे विवाह, मुंडन, गोष्ठी तथा प्रशिक्षण के आयोजन में किए जा सकेंगे। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि इन भवनों का निर्माण पंचायत राज विभाग के उत्सव भवनों के मानक के अनुरूप किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में एक बहुउद्देश्यीय उत्सव भवन बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1.41 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भवन संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। भवन का संचालन और रखरखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा, जबकि इसका उपयोग मछुआरा समुदाय के सामाजिक व सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए प्राथमिकता से होगा।

### चयन प्रक्रिया और निगरानी व्यवस्था

- शासनादेश के अनुसार, भवन निर्माण के लिए ग्रामों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, अधिशासी अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी सदस्य होंगे।

निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों के अनुसार किया जाएगा और भवनों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के साथ विद्युत, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही योजना के संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस संशोधन के बाद मछुआरा समुदाय के गांवों में सामाजिक आयोजनों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी ढांचा उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण जीवन और आजीविका से जुड़े कार्यक्रमों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर अपना दल कमेरावादी की नेता विधायक पल्लवी पटेल और अन्य। अमृत विचार

# यूजीसी एक्ट लागू करने के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर अपना दल कमेरावादी और विभिन्न सामाजिक, छात्र-युवा संगठनों के द्वारा मंगलवार को आईटी चौराहा मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का नेतृत्व अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल कर रही थी। कार्यकर्ता सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को लेकर नारे लगाते हुए मांग कर रहे थे कि यूजीसी एक्ट को तत्काल लागू किया जाए।

मार्च जब रिजर्व पुलिस लाइन तक पहुंचा तो पुलिस ने बड़ी बैरिकेटिंग लगाकर रोक दिया। जिसके बाद विधायक बैरिकेट को लांघने का प्रयास करने लगी। इस दौरान कई कार्यकर्ता सड़कों पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी करते रहे। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प होने लगी। पुलिस द्वारा काफी मान मनौव्वल के बाद जब कार्यकर्ता मानने को तैयार नहीं थे तो पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेते हुए बसों में बैठाना शुरु दिया।

# सहकारी बैंकों को लाइसेंस को 10 करोड़ की अंशपूंजी स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अधोकोषण योजना के तहत गैर-लाइसेंस प्राप्त बैंकों को मिलेगा सहारा
- आरबीआई से बैंकिंग लाइसेंस दिलाने के उद्देश्य से जारी हुआ शासनादेश

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला सहकारी बैंकों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 10 करोड़ रुपये की अंशपूंजी स्वीकृत की है। यह राशि अधोकोषण योजना के अंतर्गत उन गैर-लाइसेंस प्राप्त जिला सहकारी बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक से बैंकिंग लाइसेंस दिलाने के लिए दी जाएगी। इस संबंध में सहकारिता विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

मंगलवार को जारी शासनादेश के अनुसार अनुदान संख्या-18 के तहत सहकारिता पर पूंजीगत व्यय मद में 10 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह धनराशि क्रेडिट सहकारी समितियों में निवेश के रूप में दी जाएगी, ताकि गैर-लाइसेंस प्राप्त जिला सहकारी बैंक आवश्यक अंशपूंजी उपलब्ध कराकर आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त कर सकें। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण उतनी ही मात्रा में किया जाएगा, जितनी राशि योजना के अंतर्गत आरबीआई द्वारा अपेक्षित होगी। यह धनराशि सीधे भारतीय रिजर्व बैंक को उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और लक्षित बनी रहे।

शासनादेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक जिला सहकारी बैंकों को एक ही बार में योजना से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए हो और किसी अन्य योजना में इसका व्यय न किया जाए। आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता को धनराशि के उपयोग, बैंकों की प्रगति और उनकी वित्तीय स्थिति की निरंतर समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि भविष्य में उन्हें अतिरिक्त अनुदान की आवश्यकता न पड़े और सहकारी बैंक लाभ में संचालित हो सकें।

# सैफई मेडिकल कॉलेज एक्सप्रेस-वे पर बनाएगा ट्रॉमा सेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री का निर्णय, 250 शैय्या वाले लेवल ट्रॉमा सेंटर की होगी स्थापना
- योगी ने दिए विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर रूरल हेल्थ' के गठन के निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई (इटावा) के अंतर्गत 250 शैय्या वाले लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह ट्रॉमा सेंटर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के समीप स्थापित किया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपात परिस्थितियों में घायलों को त्वरित एवं उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मंगलवार को बतौर कुलाधिपति विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे विश्वविद्यालय परिसर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में बहुमूल्य समय नष्ट होता है। प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर रूरल हेल्थ' की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें टेली-ओपीडी, वर्चुअल ओपीडी, डिजिटल डेटा एकीकरण तथा मोबाइल आउटरीच जैसी सेवाएं शामिल हों। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान को नई दिशा देने से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



मेडिकल कॉलेज सैफई के गवर्नर बॉडी की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न देते अधिकारी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को पश्चिमी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा, शिक्षण एवं शोध के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि उपचार, शिक्षण और अनुसंधान के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता, संवेदनशीलता तथा समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि देश के अग्रणी चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) का अध्ययन कर उन्हें विश्वविद्यालय की व्यवस्था में समाहित किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से समाज की उच्च अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं, जिनकी पूर्ति के लिए हब-एंड-स्पोक मॉडल को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में समग्र सुधार हो सके।

### इंटीग्रेटिव मेडिसिन यूनिट की होगी स्थापना

- बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटिव मेडिसिन यूनिट की स्थापना की जाएगी। इस इकाई के माध्यम से एलोपैथी एवं आयुष पद्धतियों के समन्वय से रोगी-केंद्रित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अंतर्गत आयुष विभाग के सहयोग से इंटीग्रेटिव ओपीडी, विशेष क्लीनिक, योग एवं वेलनेस इकाई स्थापित की जाएंगी।

### कम्युनिटी ब्रॉडकास्ट सेवा शुरू करने का निर्देश

- स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय समाज के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करें। इस क्रम में विश्वविद्यालय में कम्युनिटी ब्रॉडकास्ट सर्विस की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, रोग-निवारण, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित प्रमाणिक जानकारी व शैक्षणिक सामग्री का प्रसारण किया जाएगा।

### 74.33 करोड़ से बनेंगी 7 नई ड्रेनेज परियोजनाएं

- अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में कृषि को मजबूती देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ड्रेनेज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दे रहा है। जल निकासी सुधार, बाढ़ नियंत्रण और खेतों तक सुचारू सिंचाई सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 74.33 करोड़ रुपये की लागत से सात नई ड्रेन परियोजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। विभागीय जानकारी के अनुसार इन परियोजनाओं का निर्माण बहराइच, बिजनौर, गोण्डा, हापुड़ और मेरठ जिलों में किया जा रहा है। गोण्डा, हापुड़ और मेरठ में एक-एक ड्रेन परियोजना स्वीकृत की गई है, जबकि बिजनौर और बहराइच में दो-दो परियोजनाएं मंजूर हुई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और किसानों को सिंचाई के लिए अधिक सुविधा मिलेगी। इससे जलभराव की समस्या कम होने के साथ कृषि उत्पादन में भी सुधार की उम्मीद है। विभाग ने वर्ष 2025-26 में प्रदेश भर में 17,500 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का लक्ष्य तय किया है। अब तक 11,065 किलोमीटर ड्रेनों की सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। विभागीय अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा हो सके।

# लापता सचिवालय कर्मी का शव पेड़ से लटका मिला

संवाददाता, काकोरी

- सोमवार को बेटे ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी, पत्नी अवसाद में

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में लापता सचिवालयकर्मी का शव मंगलवार को आग के बाग में मफलर से लटका मिला। सोमवार से लापता व्यक्ति की गुमशुदगी बेटे ने दर्ज करायी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिगहूं गांव निवासी रविराज रावत ने बताया कि सोमवार शाम करीब 4 बजे पिता राजकिशोर रावत (52) बिना बताए घर से कहीं चले गए। परिजन ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर काकोरी थाने में सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर लापता के मोबाइल पर कॉल की तो घंटी बजती रही। लोकेशन के आधार पर टीम बनाकर तलाश की गई। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि राजकिशोर बाग में मफलर के सहारे लटके हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि राजकिशोर सचिवालय नमामि गंगे में अनुसेवक के पद पर तैनात था। करीब एक साल पहले उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। पत्नी की मौत से राजकिशोर दिमागी रूप से कमजोर हो गया था। कभी शराब का भी सेवन कर लेते थे।

**सेहत का ख्याल** | फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत माल ब्लॉक में सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू

# ब्लॉक प्रमुख ने पी दवा, अब 2 लाख लोगों को पिलाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत माल ब्लॉक में सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान की शुरुआत मंगलवार को हुई। अभियान की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख राम देवी ने स्वयं फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी दवा लेने की अपील की।

ब्लॉक प्रमुख राम देवी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जो न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से इस बीमारी का समूल नाश करना है, जिसके लिए सभी पात्र लोगों का दवा सेवन करना आवश्यक है।



दवा का सेवन करती हुई ब्लॉक प्रमुख, साथ में सीएमओ व अन्य ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने भी दवा का सेवन किया। उन्होंने बताया कि कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संक्रमण में कमी आने के कारण वहां अभियान संचालित नहीं किया जा रहा है। संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए कम से कम 90 प्रतिशत आबादी का दवा सेवन जरूरी है।

सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है, जिसे आम भाषा में हाथी पांव कहा जाता है। संक्रमित व्यक्ति को काटने वाला मच्छर जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो परजीवी शरीर में पहुंच जाते हैं, जिनके लक्षण पांच से 15 वर्ष बाद सामने आ सकते हैं। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय लगातार तीन वर्षों तक आईडीए अभियान के तहत दवा सेवन और मच्छरों से बचाव है।

नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के तहत माल ब्लॉक की लगभग सवा दो लाख लक्षित आबादी को दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए 37 सुपरवाइजर और 177 टीमें गठित की गई हैं।

# चाचा व चचेरे भाइयों ने युवक को घेरकर मार डाला

संवाददाता, हरदोई, शाहाबाद

- प्रेम प्रसंग की रंजिश में वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचारः** एसआईआर के सिलसिले में गांव पहुंचा युवक शौच कर लौट रहा था। उसी बीच उसके चाचा और चचेरे भाइयों ने रास्ते में घेर लिया, लाठी-डंडे और भाले से हमला कर उसकी वहीं पर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह हुई वारदात से पूरा इलाका थर्रा उठा। एसपी अशोक कुमार मीणा, एसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण व एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वहां एसपी ने बताया है कि हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह की निगरानी पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छुटकुन्नू का बड़ा बेटा अक्षय सिंह (36) अपनी पत्नी गुड़िया व दोनों बेटों आयुष और पियूष के साथ शहर के मन्नापुरवा में किराए के मकान में रहता था। एसआईआर के सिलसिले में अक्षय अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सोमवार को गांव गया था। मंगलवार की सुबह वह शौच कर वापस लौट रहा था, उसी बीच चाचा जगदीश, अजीत उर्फ पिंकू व चचेरे भाइयों सुधीर सिंह, मुकेश सिंह ने रास्ते में उसे घेर लिया। अक्षय अपना बचाव करते हुए वहां से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे कुछ ही दूरी पर देवेंद्र के दरवाज़े पर गिरा लिया और लाठी-डंडे व भाले से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी।

# दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या

## सीतापुर की घटना, झोपड़ी में फेंका शव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** घर से अगवा कर पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया, बाद में उसकी रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद दरिंदे ने शव को झोपड़ी में फेक दिया और फरार हो गया। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई हत्या को लेकर दलित किसान परिवार ने एक युवक पर संदेह जताया है। पुलिस साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र के दलित किसान के मुताबिक, उसकी पांच वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। इसी के बाद वो लापता हो गई। देर तक न लौटने पर शंका हुई तो खोजबीन शुरू की गई। परिजनों की मानें तो गांव के बाहर एक झोपड़ी में पलंग पर बच्ची का शव मिला। एएसपी दुर्गेश सिंह के मुताबिक, सूचना मिलने के बाद फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूत्र बताते हैं कि परिवार ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म के बाद रस्सी से गला कसकर हत्या करने की आशंका जताई गई है, संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर, देर शाम आई मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म और गला घुटने से मौत की पुष्टि हुई है।

### मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां कोतवाली क्षेत्र में बच्ची से दरिंदगी कर हत्या करने वाले आरोपी सुरेंद्र को एसओजी सहित पुलिस की पांच टीमों ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। वारदात के बाद से वो फरार था। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद हुई है। जांच के दौरान सर्विलांस, साक्ष्यों और बयानों के आधार पर सकरन थाना क्षेत्र के पंचमपुरवा निवासी सुरेन्द्र पुत्र परमेश्वर का नाम सामने आया था।

# चाचा व चचेरे भाइयों ने की युवक की हत्या

संवाददाता, हरदोई, शाहाबाद

**अमृत विचार :** एसआईआर के सिलसिले में गांव पहुंचा युवक खेत से लौट रहा था। उसी बीच उसके चाचा और चचेरे भाइयों ने रास्ते में उसे घेर लिया और लाठी-डंडे और भाले से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह हुई वारदात से पूरा इलाका थर्रा उठा। एसपी अशोक कुमार मीणा, एसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण व एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वहां एसपी ने बताया है कि हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह की निगरानी पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छुटकुन्नू का बड़ा बेटा अक्षय सिंह (36) अपनी पत्नी गुड़िया व दोनों बेटों आयुष और पियूष के साथ शहर के मन्नापुरवा में किराए के मकान में रहता था। एसआईआर के सिलसिले में अक्षय अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सोमवार को गांव गया था। मंगलवार की सुबह वह खेत से वापस लौट रहा था। इसी बीच चाचा जगदीश, अजीत उर्फ पिंकू व चचेरे भाइयों सुधीर सिंह, मुकेश सिंह ने रास्ते में उसे घेर लिया। अक्षय अपना बचाव करते हुए वहां से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे कुछ ही दूरी पर देवेंद्र के दरवाज़े पर गिरा लिया और लाठी-डंडे व भाले से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# मालगाड़ी पर सिगरेट पीते रील बनाई, जेल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर लाइक और व्यूज़ पाने की चाहत दो युवकों को महंगी पड़ी। मालगाड़ी पर चढ़कर सिगरेट पीते हुए रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले पांच युवकों को आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत जेल भेज दिया। आरपीएफ पोस्ट बुढ़वल जंक्शन के कमांडर रवि कुमार और जीआरपी प्रभारी जयंत दुबे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ युवक बुढ़वल जंक्शन के पीछे खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर धूम्रपान करते हुए रील बनाते दिखाई दे रहे थे। मामले का संज्ञान लेते हुए आरपीएफ और जीआरपी ने साइबर पेट्रोलिंग के जरिए संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच की और आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। मंगलवार दोपहर संयुक्त टीम ने तहसील फतेहपुर क्षेत्र में दबिश देकर पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मो. उमर और मो. फरदीन खान रील बना रहे थे, जबकि तीन अन्य युवक उनकी सहायता कर रहे थे।

# चाइनीज मांझे से कटा बाइक सवार का चेहरा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सीतापुर से बाराबंकी आ रहे बाइक सवार युवक का चेहरा चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से कट गया, वहीं वह सड़क पर गिर गया। बाइक पर सवार साथी युवक ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत स्थिर बताई जा रही है। सीतापुर के सिधौली थाना अंतर्गत ग्राम खजुरिया सिधौली निवासी बृजेश यादव बाराबंकी में लखनऊ रोड स्थित एक होटल में कार्यरत हैं। मंगलवार को बृजेश बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे जब वह देवा नहर पुल तकिया के पास पहुंचे ही थे तभी चाइनीज मांझा उनके चेहरे से टकरा गया। धारदार मांझे से चेहरा कटते ही बृजेश बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। घटना के समय बाइक पर उनके साथ राहुल यादव भी सवार थे। राहुल ने तत्काल डायल 112 और एम्बुलेंस को सूचना दी।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें


**सूचना**

मैं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता पंजीयन प्रमाणपत्र/ इन्रोलमेंट संख्या–1046 दिनांक 28.03.1978 वास्तव में कहीं खो गया है, यदि किसी को मिलता है तो उसकी सूचना/प्रमाणपत्र मेरे नीचे लिखे पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **सगीर अहमद, एडवोकेट पता–मकान नम्बर 1170, सिरवारा रोड, सिविल लाइन तार बाबू की गली, सुलतानपुर सिटी, सुलतानपुर उ0प्र0, पिन 228001, मो0नं0–9161698247**

**सूचना**

मेरा नाम Meraj Ahmed है। आधार कार्ड नंबर 5753 6597 3209 मे मेरा नाम Meaj Ahmad है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है अब मैंने अपना नाम Meraj Ahmad रख लिया है। Meraj Ahmad s/o Siraj Ahmad निवासी ग्राम मदर बक्श लौकहवा, तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर

**सूचना**

मैं SAFATULLAH KHAN पुत्र श्री ALLAH BAX निवासी ग्राम पुरैना बुलन्द, पो0–टेड़वा नवाबाद, जिला–बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर SAFATULLA ALLABAKSH KHAN कर लिया है, अतः आज से मुझे SAFATULLA ALLABAKSH KHAN के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं **जगजीवन दास** (JAGJEEVAN DAS) **पुत्र जगदीश राय निवासी – मं0 नं0– 266/395, भदेवां 0, बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0– 226004**, उपरोक्त दिये गये पते का निवासी हूँ। यह कि मैं निवास स्थान मं0 नं0– 266/395, भदेवां, बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0– 226004 है, में स्थाई निवास करता हूँ। जिसे मेरे सभी दस्तावेजों पर संशोधन/त्रुटि सुधार के साथ दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम ABDUL AHMED ISTIYAQ AHMED से बदलकर ABDUL AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ISTIYAQ AHMED ADD-87 GRAM TIKAWAMAU POST-PUREDALAI,DIST-BARABANKI -225401(U.P.)

**सूचना**

मैं **राम बेटी पत्नी स्व0 रणधीर सिंह निवासिनी ग्राम–सिकौरी, पोस्ट–काकोरी, जनपद लखनऊ**, कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम रामरती अंकित है, जबकि मेरा सही नाम रामबेटी है। यह कि भविष्य में मेरा सही नाम रामबेटी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **बब्ली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल निवासी भूपगंज बाजार पयागपुर पोस्ट पयागपुर जिला बहराइच** है त्रुटिवश मेरे आधार में मेरा नाम बबली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल लिख गया है जो गलत है मुझे बब्ली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल के नाम से जाना एवं पहचाना जावें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सकीना बानो पत्नी मुनौव्वर आयु लगभग 55 आयु वर्ष निवासी अंधे की चौकी, हरदोई रोड, सिकरौरी लखनऊ उ0प्र0** की मूल निवासी हूं। मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश 'जीनत' लिख गया है जबकि मेरा सही नाम सकीना बानो है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से ही जाना पहचाना जाए। उपरोक्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा संपन्न की गई हैं। **प्रार्थी सकीना बानो उपरोक्त**

**सूचना**

हम **मकसूद अहमद व इरशाद अहमद पुत्रगण स्व0 अहमद हुसैन निवासीगण–529/391, घोसियाना, रहीम नगर, थाना–महानगर, लखनऊ** यहकि मैं व मेरा भाई इस्लाम व फखरूददीन भवन संख्या–529/391, स्थित–घोसियाना, रहीम नगर, थाना–महानगर, लखनऊ के संयुक्त रूप से स्वामी है। भवन का बटवारा अभी नहीं हुआ है, यदि कोई भवन में स्थित दुकान को क्रय करता है तो वह अवैध होगा। कानूनी रूप से मान्य नहीं होगा।

**सूचना**

मैं रुबीना पुत्री शम्सुद्दीन उम्र 21 वर्ष, निवासिनी ग्राम झंझरा झंझरा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी की निवासिनी है, जिनका वर्तमान पता मल्हौर थाना चिनहट जिला लखनऊ है। आज की तारीख से मैं अपना मुस्लिम धर्म परिवर्तित कर हिन्दू धर्म अपनाने जा रही हूं, जिस कारण मुस्लिम धर्म से हिंदू धर्म परिवर्तित किये जाने के लिए मैने अपना नाम रूबी रख लिया है। भविष्य में मुझे रूबी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, **कमालुद्दीन अहमद हाशमी, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी, निवासी ग्राम व पोस्ट जौरास, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, 227131**, मैं कमालुद्दीन अहमद हाशमी उर्फ कमालुद्दीन अहमद के नाम से जाना जाता हूँ। जबकि पासपोर्ट के रिकार्ड में गलती के कारण मेरा नाम कमालुद्दीन अहमद, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी दर्ज हो गया है। यह कि मेरा नाम कमालुद्दीन अहमद हाशमी है, जो कि पूर्णतः सही है। मेरे आधार कार्ड संख्या 463735990041 में कमालुद्दीन अहमद हाशमी, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी के रूप में दर्ज है।

**सूचना**

मैं **रामऔतार पुत्र जियावन, निवासी –ग्राम राजापुरमाफी सलोन रायबरेली**, मेरा पुत्र सूरज तथा उसकी पत्नी पूजा का व्यवहार मेरे तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति सही नहीं है। उसके इस खराब व्यवहार से दुखी होकर उक्त दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अदनान (MOHAMMAD ADNAN) पुत्र मोहम्मद इसरार, निवासी मोहल्ला इस्लामबाग, जनपद सीतापुर (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP34 20240002473 में मेरा नाम गलती से MOHD ADNAN अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही और पूर्ण नाम MOHAMMAD ADNAN दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम MOHAMMAD ADNAN से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद खान निवासी मोहल्ला किशनपुर राय, थाना व जिला रायबरेली**, अपना नाम मोहम्मद इरशाद खान से बदल कर मोहम्मद इरशाद कर दिया है, भविष्य में मुझे इसी उद्देश्यों हेतु मोहम्मद इरशाद (Mohammad Irshad) के नाम से जाना–पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **महफूज इलियास मिर्जा पुत्र स्व0 शरीफ मिर्जा निवासी पी0–नं0–490–197 निकट लोहिया लान स्टार सिटी, आपोज़िट सिल्वर सिटी, न्यू हैदरगंज, लखनऊ**, मेरी पुत्री कु0नमराह इलियास मिर्जा की वास्तविक जन्मतिथि 31.12.2004 है जोकि सही है, किन्तु मेरी पुत्री की जन्मतिथि कुछ दस्तावेज / पासपोर्ट मे 31.12.2004 के स्थान पर त्रुटिवश 31.12.2003 अंकित हो गयी जो कि गलत है मेरी पुत्री कु0नमराह इलियास मिर्जा की जन्मतिथि आज से समस्त दस्तावेजो पासपोर्ट व अन्य सम्बन्धित प्रपत्रो व आधारकार्ड के आधार पर सही जन्मतिथि मानी जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम TASDEEQ HUSAIN था, जिसे बदलकर अब SYED TASDEEQ HUSAIN रख लिया है। अब मुझे SYED TASDEEQ HUSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O SYED TAUSEEQ HUSAIN, ADD-450/12, ABBAS NAGAR, P/O CHOWK, LUCKNOW-226003**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना** NER-LJN-2026-26

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है–

**ई–निविदा संख्या**–NER-LJN-2026-26, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे (लखनऊ मंडल) के सहायक मंडल इंजीनियर/सीतापुर के अनुभाग में महमूदाबाद स्टेशन एवं बिसवां स्टेशन पर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आर०सी०सी० ओवरहेड टैंक (50000 गैलन) के साथ–साथ गहरे ट्यूबवेल के निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 30254908.34, अग्रिम धन(रू0): ₹ 301300.00, समापन अवधिः 06 माह।

1.उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-26 के लिये ई–निविदा दिनांक 02.03.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ

मुजाधि/डब्लू–453

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

(प्रथम काल)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–अम्बेडकरनगर।

पताः–विकास भवन, निकट कलक्ट्रेट अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 1510/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025–26/ दिनांक 02.02.2026

–: प्रोक्योरमेण्ट नोटिस कॉल निविदा :–

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर विधान मण्डल स्थानीय क्षेत्र विकास निधि निधियोजनान्तर्गत निर्माण कार्यो की ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी0सी0टी0 का भुगतना सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार पृथक से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधिते विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमोनित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिट (इ0एम0 डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | ग्राम गोहनारपुर में रामनगर न्योरी मुख्य मार्ग से नन्दलाल निषाद के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य,रामनगर। | 9.60 | 0.20 | 500.00+225.00 +42.00=767.00 | 3 माह |
| 2 | अम्बेडकर नगर | ग्राम पंचायत महरूवा मे जैतपुर बेला पिच मार्ग राम प्रकाश टेण्ट होते हुए रामलोचन दूबे के जमीन तक पिच रोड कार्य,कटेहरी। | 8.72 | 0.18 | 500.00+225.00 +42.00=767.00 | 3 माह |
| 3 | अम्बेडकर नगर | ग्राम खरगपुर मेन रोड सन्तराम मिश्रा की ट्यूवेल से राजभर बस्ती तक पिच रोड निर्माण कार्य,कटेहरी। | 13.83 | 0.28 | 500.00+225.00 +42.00=767.00 | 3 माह |
| 4 | अम्बेडकर नगर | जू0हा0 स्कूल हृदयपुर बसाइतपुर पिच मार्ग से हरिश्चन्द्र के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य,भीटी। | 18.75 | 0.38 | 500.00+300.00 +54.00=854.00 | 3 माह |
| 5 | अम्बेडकर नगर | संग्रामपुर मे प्रधान के घर से सी0सी0 रोड से दलित वस्ती भवन के घर तक सी0सी0 रोड कार्य,कटेहरी। | 21.16 | 0.43 | 2000.00+350.00+63.00=2413 s.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः–12.02.2026 से 11.03.2026 तक
3. विड् डाक्यूमेण्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः 12.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि एवं समयः 12.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि एवं समयः 11.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 11.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ–पत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आनलाइन वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रण कर्त्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज 09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि–पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार–पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी हेतु कृपया वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा विड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदा–दाताओं को सलाह दी जाती है कि विड् सम्मिट करने से पूर्व विड् डाक्यूमेण्ट को भली–भॉति पढ़ लें।

**UP - 245641 दिनांकः** 09/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–अम्बेडकरनगर।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की अम्बेडकरनगर

## पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना संख्या 14/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु होली विशेष गाड़ियों का संचालन** निम्नवत् किया जायेगाः–



**गाड़ी सं. 05301/05302 मऊँ – अम्बाला कैंट – मऊ होली विशेष गाड़ी**

**गाड़ी सं. 05301 मऊ से गुरुवार 05.03.26 से 26.03.26 = कुल 04 फेरे**
**गाड़ी सं. 05302 अम्बाला कैंट से शुक्रवार 06.03.26 से 27.03.26 = कुल 04 फेरे**

| 05301 मऊ–अम्बाला कैंट | | ↓ स्टेशन ↑ | 05302 अम्बाला कैंट–मऊ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| .. | 04.00 | मऊ | 23.00 | .. |
| 04.42 | 04.44 | बेलथरा रोड़ | 22.15 | 22.17 |
| 05.20 | 05.22 | भटनी | 21.32 | 21.34 |
| 05.42 | 05.47 | देवरिया सदर | 21.00 | 21.05 |
| 06.50 | 07.00 | गोरखपुर | 19.50 | 20.00 |
| 07.35 | 07.37 | खलीलाबाद | 18.45 | 18.47 |
| 08.07 | 08.10 | बस्ती | 18.15 | 18.17 |
| 08.58 | 09.00 | मनकापुर | 17.18 | 17.20 |
| 09.30 | 09.35 | गोंडा | 16.50 | 17.00 |
| 10.35 | 10.37 | बुढ़वल | 15.50 | 15.52 |
| 12.18 | 12.23 | सीतापुर | 13.50 | 14.00 |
| 15.00 | 15.02 | बरेली | 10.38 | 10.40 |
| 16.35 | 16.45 | मुरादाबाद | 09.05 | 09.10 |
| 19.35 | 19.37 | गाज़ियाबाद | 06.03 | 06.05 |
| 20.20 | 20.30 | दिल्ली | 05.00 | 05.10 |
| 21.12 | 21.14 | सोनीपत | 03.40 | 03.42 |
| 22.05 | 22.07 | पानीपत | 03.05 | 03.07 |
| 00.30 | – | अम्बाला कैंट | – | 01.40 |

रेक संरचनाः ब्रेक, यान सह जनरेटर कार–01, सामान्य द्वितीय श्रेणी –04, शयनयान–05, एसी 3 टियर–02, एसी 3 टियर इकोनॉमी–06, एसी 2 टियर –02, प्रथम एसी–01, एसएलआरडी–01, कुल = 22 कोच

मुजाधि/टी–101बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल–फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया हैः–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व0 अजय कुमार सिंह | भूखण्ड संख्या–ए–3/188 | विशाल खण्ड गोमती नगर योजना | 05.12.2020 | श्रीमती नीना शर्मा श्री यशवर्धन सिंह | – | पत्नी/पुत्र |
| 2 | मोहम्मद वली सिद्दिकी | भूखण्ड संख्या–सी–142/बी–2 | महानगर गृह योजना | 03.08.2015 | मोहम्मद वसी सिद्दिकी पुत्र स्व0 वली सिद्दिकी | – | पुत्र |
| 3 | श्री संजय सत्यप्रिय एवं श्री ब्रजभूषण गोयल | भूखण्ड संख्या–सी–936, सेक्टर–बी | महानगर गृह योजना | 26.05.2021 14.04.2021 | श्रीमती शची सत्यप्रिय पत्नी स्व0 संजय सत्यप्रिय, श्रीमती ऐशवर्या गोयल पुत्री स्व0 संजय सत्यप्रिय, श्री अक्षय गोयल पुत्र स्व0 संजय सत्यप्रिय, श्रीमती वन्दना अग्रवाल पुत्री स्व0 ब्रजभूषण गोयल एवं श्रीमती आरती गर्ग पुत्री स्व0 ब्रजभूषण गोयल | – | पुत्री/पुत्रवधु/पौत्र/पौत्री |
| 4 | श्रीमती मालती देवी श्रीवास्तव | दुकान सं0–36/GF | विश्वास खण्ड गोमती नगर योजना | 22.09.1996 | श्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (मृतक के पुत्र) | श्री खूब चन्द्र श्रीवास्तव, श्री सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती उमा श्रीवास्तव, श्रीमती रमा श्रीवास्तव, श्रीमती कविता श्रीवास्तव | पुत्रगण/पुत्रियां |
| 5 | स्व0 कमलेश्वरी देवी | भूखण्ड सं0–4/433 | विवेक खण्ड गोमती नगर | 25.08.2025 | श्री चैतन्य प्रताप सिंह श्री अनन्त प्रताप सिंह | श्रीमती रागिनी सिंह श्रीमती रेनू सिंह | पुत्रियां (विवाहित) |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सरेनी–रायबरेली

**पत्रांकः** 5106/आंकिक/रा.वि./15 वॉ.वि.यो./2025–26 **दिनांकः–** 10.02.2026

### निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में क्षेत्र पंचायत–सरेनी रायबरेली द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण (क्षेत्र पंचायत सरेनी में पंजीकृत) ठेकेदारों/कार्यदायी संस्थाओं से मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 11.02.2026 से 25.02.2026 अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद जमा कर खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सके है। निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहरबन्द निविदा दिनांक 26.02.2026. को अपरान्ह 3:00 बजे खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा की सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 26.02.2026 को ही अपरान्ह 4:00 बजे निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता के पैनकार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं सौ रू0 के स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र, जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो, भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर कोई कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त/स्थगित करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी सरेनी रायबरेली में निहित होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में विवाद का निर्णय द्विपक्षीय वार्ता द्वारा किया जायेगा तथा अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | धन. (लाख में) अनु. | जमा0 2 प्रति. की धन0 | निविदा फार्म मूल्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज वित्त | सरेनी | ब्लॉक परिसर के विभिन्न कार्यालय में एवं मीटिंग हाल ए0सी0 स्थापना | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 2 | राज वित्त | हथनासा | रिहाई प्रेमशंकर साहू के घर से माता बक्श सिहं के बाउडीवाल तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 3 | राज वित्त | गोविन्दपुर | पक्की सड़क से सहदेव के घर के आगे तक इ0ला0 | 5.50 | 11000 | 1100 |
| 4 | राज वित्त | तेजगावं | गुलालखेडा में सकठू तेली के घर के सामने इ0ला0 से मुकेश पाल के घर तक इ0ला0 | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 5 | राज वित्त | तेजगावं | बसन्त अड्डा में पक्की सडक से गंगा प्रसाद पाल के घर के सामने तक इ0ला0 | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 6 | राज वित्त | देवपुर | बंगलहा में देवपुर से अरूण यादव के घर तक इ0ला0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 7 | राज वित्त | रामपुरकलां | रामपुरकंला से मुख्य सडक से कमलेश सिहं के दरवाजे तक इ0ला0 | 3.00 | 6000 | 600 |
| 8 | राज वित्त | तेजगावं | तखत खेडा में कमल सिहं के घर के बगल से सुखपाल सिहं के दरवाजे तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 9 | राज वित्त | ब्लॉक कार्यालय | आफिस वर्क शॉप एवं फर्नीचर | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 10 | राज वित्त | सागरखेडा | देवखेडा पक्की सड़क से काशी बाजपेई के दरवाजे तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 11 | राज वित्त | लक्ष्मनगंज | पक्की सडक से पवन के दरवाजे तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 12 | राज वित्त | दुधवन | डा0 धीरेन्द्र सिंह के दरवाजे से होते हुए मुक्का के दरवाजे तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 13 | राज वित्त | मुदीपुरमझिगवां | प्रा0 पाठशाला भवनीपुर हाई मास्क लाइट स्थापना। | 5.76 | 12000 | 1200 |
| 14 | राज वित्त | तेजगांव | डिग्री कालेज हाई मास्क लाइट स्थापना | 5.76 | 12000 | 1200 |
| 15 | राज वित्त | भोजपुर | डूडी चौराहे में हाई मास्क लाइट स्थापना | 5.76 | 12000 | 1200 |
| 16 | राज वित्त | तेजगांव | हाई मास्क लाइट स्थापना | 5.76 | 12000 | 1200 |
| 17 | राज वित्त | खानपुर | इ0ला0 रमेश यादव के दरवाजे से सरेनी रजबहा के पास तक | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 18 | राज वित्त | समोधा | होरीलाल के दरवाजे से नरेश यादव के दरवाजे तक इ0ला0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 19 | राज वित्त | बैरुआ | प्रधानमंत्री रोड से गंगा रामपाल के घर के पास तक पूरे चन्दी तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 20 | राज वित्त | सरेनी | सहायक विकास अधिकारी (पं0) कार्यालय की मरम्मत | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 21 | राज वित्त | सरेनी (पूरे कुमेदान) | पूरे कुमेदान में रामसेवक के मन्दिर से भगौती लोध के घर तक इ0ला0 | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 22 | राज वित्त | धूरेमऊ | सरेनी सेमरी रोड से नौरंग खेडा ललऊवा पाल के दरवाजे तक इ0ला0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 23 | टाइड फण्ड | हथनासा | सरेनी पूरेपाण्डे मार्ग से बक्शी मोरियल पब्लिक स्कूल के सामने तक इ0ला0 | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 24 | टाइड फण्ड | सरेनी | ब्लॉक में मीटिंग एवं कार्यालय के मध्य शौचालय निर्माण | 4.00 | 8000 | 800 |
| 25 | टाइड फण्ड | सरेनी | ब्लॉक प्रमुख कक्ष में शौचालय निर्माण | 4.00 | 8000 | 800 |
| 26 | टाइड फण्ड | तेजगावं | सगरा में शंकर जी मे मन्दिर के पास आर0वो0 वाटर कूलर स्थापना | 4.00 | 8000 | 800 |
| 27 | टाइड फण्ड | तेजगावं | तखत खेडा में संतोषी माता मन्दिर आर0वो0 वाटर कूलर स्थापना | 4.00 | 8000 | 800 |
| 28 | टाइड फण्ड | सरेनी | सी0एच0सी0 गोविन्दपुर में आर0वो0 वाटर कूलर स्थापना | 4.00 | 8000 | 800 |
| 29 | अनटाइड फण्ड | कहिजर | बंशी चमार के दरवाजे से भगवानदीन के दरवाजे तक इ0ला0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 30 | अनटाइड फण्ड | काजी खेडा | बलवीर सिहं के दरवाजे से राम कुमार के दरवाजे तक इ0ला0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 31 | अनटाइड फण्ड | हमीरगांव | छिवलहा माइन से हमीर गांव मार्ग पर ख0नि0 | 5.00 | 10000 | 1000 |
| 32 | अनटाइड फण्ड | रौतापुर | पक्की सडक से राजभान के घर तक इ0ला0 एवं नाली नि0 | 7.00 | 14000 | 1400 |
| 33 | अनटाइड फण्ड | कल्हीगांव | दत्ता साहू के घर के सामने से शीतला महरानी मन्दिर तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |
| 34 | अनटाइड फण्ड | रमइपुरखुर्द | नई आबादी में अवधेश के गोडा से राधे श्याम के ट्यूबवेल तक इ0ला0 | 6.00 | 12000 | 1200 |

कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का राष्ट्रीय बचत पत्र, आर0डी0 पासबुक, एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा तथा जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि) का राष्ट्रीय बचत पत्र, आर0डी0 पासबुक अथवा एफ0डी0आर0 अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा, के जमा करने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। भुगतान से पूर्व रायल्टी एम0एम0–11 जमा करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सरेनी– रायबरेली**

न्यूज ब्रीफ

## दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर किए गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** मंगलवार को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस ने एक अदद ट्रक वाहन में छिपाकर तस्करी कर बिहार ले जायी जा रही कुल 360 बोतल पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी। इसके साथ ही दो अभियुक्त धन्नाराम चौधरी और जगदीश चौधरी निवासीगण साकिन-धरासर तहसील व थाना चोहटन जनपद बाडमेर राजस्थान को बांसी चौकी बिहार बार्डर से गिरफ्तार किया। थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत वोटर डिस्क्रिपेंसी से सम्बन्धित नोटिस के लिए विधानसभा शोहरतगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। उप जिलाधिकारी विवेकानन्द मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को मतदेय स्थल संख्या एक से 200 तक के बीएलओ निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल होकर प्रशिक्षण लिया।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यशाला का आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यशाला का आयोजन लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। आयोजन को जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर, अपर जिलाधिकारी ने संबोधित किया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस की शपथ सीओ सदर द्वारा दिलाई गई।

## बसपा ने की बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी जनपद के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक रानी लक्ष्मी विवाह वाटिका मैरेज हॉल बांसी में आयोजित हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल सुधीर कुमार भारती ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर बूथ करो, मजबूत अभिमान में लग जायें।

# वाद वापसी का आवेदन दाखिल करने मात्र से वह स्वत : समाप्त नहीं होता : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की तीन न्यायाधीशों की वृहद पीठ ने एक दीवानी मामले पर सुनवाई करते हुए यह स्पष्ट किया कि केवल वाद (सूट) को बिना शर्त वापस लेने का आवेदन दाखिल कर देने मात्र से ही मुकदमा स्वतः समाप्त नहीं माना जाएगा। जब तक कि कोर्ट द्वारा इस पर कोई स्पष्ट आदेश पारित न किया जाए। न्यायमूर्ति अजय भनोट, न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह की वृहद पीठ ने जीरा देवी और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि वाद की वापसी से जुड़े प्रश्न पर पूर्ववर्ती निर्णयों में उत्पन्न असमंजस को अब सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के आलोक में स्पष्ट किया जाना आवश्यक है।

दरअसल यह संदर्भ एकल न्यायाधीश द्वारा दो महत्वपूर्ण विधिक प्रश्नों पर वृहत पीठ के समक्ष भेजा गया था। जिनमें मुख्य प्रश्न यह था कि क्या सीपीसी के आदेश 23 नियम 1 के तहत वाद वापसी का आवेदन दाखिल होते ही वाद स्वतः समाप्त हो जाता है अथवा इसके लिए न्यायालय का आदेश आवश्यक है। इस पर कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बनाम प्रकाश चंद्र मिश्र तथा अनुराग मित्तल बनाम शैली मिश्रा मित्तल जैसे निर्णयों का विस्तार से विश्लेषण करते हुए कहा कि प्रक्रियात्मक कानून न्याय का सहायक है, न कि उसका बाधक। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि वाद वापसी जैसे मामलों में न्यायालय की सक्रिय भूमिका आवश्यक है और केवल आवेदन दाखिल हो जाने से स्वतः कानूनी परिणाम नहीं निकाले जा सकते। मामला वाराणसी जिले की भूमि से जुड़े एक दीवानी वाद से संबंधित है, जिसमें वादिनी की मृत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारियों और बाद में भूमि क्रय करने वालों ने वाद को आगे बढ़ाने का दावा किया था। इसी बीच मूल वादिनी की पुत्री ने वाद को बिना शर्त वापस लेने का आवेदन दिया, जिसे ट्रायल कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था, जबकि अपीलीय अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया। इसके विरुद्ध अनुच्छेद 227 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

## विधि की अज्ञानता कानून के उल्लंघन का वैध बहाना नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मैनपुरी में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी को अवैध ठहराते हुए राज्य सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि संबंधित स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को गिरफ्तारी के नए ज्ञापन से जुड़े पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के जुलाई 2025 के परिपत्र की जानकारी नहीं थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून की अज्ञानता कानून के उल्लंघन का वैध बहाना नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने अनूप कुमार और अन्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने पाया कि याचियों की गिरफ्तारी डीजीपी द्वारा जारी परिपत्र के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के मिहिर राजेश बनाम महाराष्ट्र राज्य तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट के उमंग रस्तोगी व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के निर्णयों में निर्धारित कानून के विपरीत थी। परिणामस्वरूप मैनपुरी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित रिमांड आदेश को भी रद्द कर दिया गया। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उन्हें गिरफ्तारी के कारण बताए बिना हिरासत में लिया गया।

## पूर्व आईपीएस मणिलाल पाटीदार को राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महोबा के पूर्व पुलिस अधीक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए विपक्षियों को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की एकलपीठ ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत दाखिल याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद पारित किया। याचिका में थाना कोतवाली नगर, जिला महोबा में धारा 174-ए आईपीसी के तहत दर्ज मुकदमे तथा लखनऊ स्थित विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) द्वारा 8 अगस्त 2023 को याची को तलब किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याची की ओर से तर्क दिया गया कि 22 जुलाई 2021 को दर्ज मुकदमा झूठे और मनगढ़ंत आरोपों पर आधारित है, जिसे उन्हें प्रताड़ित करने की नीयत से दर्ज कराया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि लखनऊ की अदालत द्वारा सम्मन जारी करने का आदेश तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार किए बिना पारित किया गया। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया मामले को विचारणीय मानते हुए अग्रिम आदेशों तक आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

# नवजात बरामद, सात आरोपी गिरफ्तार

## एक माह के बच्चे को मां की गोद से छीन ले गए बाइक सवार महिला-पुरुष

**जिला संवाददाता, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** बेलहर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक माह के शिशु के अपहरण की घटना का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए दंपति समेत कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, बाइक तथा सौदेबाजी में तय 1.60 लाख रुपये नकद बरामद किए। पकड़े गए आरोपी संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और बिहार प्रांत के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि जंगल बेलहर निवासी



पुलिस लाइन में बेलहर क्षेत्र में नवजात शिशु के अपहरण की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते एसपी संदीप कुमार मीना व अन्य पुलिस अधिकारी।

निरमा देवी पत्नी फूलचंद 8 फरवरी को शाम करीब 5 बजे नरायनपुर बाजार से अपने एक माह के नवजात और तीन वर्षीय बच्ची के साथ घर लौट रही थीं। गांव के पास पहुंचते ही पीछे से बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात पुरुष व महिला ने उनकी गोद से मासूम को छीन लिया और फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर 09 फरवरी को अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया गया। बेलहर थानाध्यक्ष अनिल कुमार, एसओजी प्रभारी अजय सिंह, सर्विलांस प्रभारी अभिमन्यु सिंह और महिला थाना प्रभारी पूनम मौर्या की संयुक्त टीम ने बालूशासन पुल के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश यादव व उसकी पत्नी संगीता (निवासी भलुआं, थाना तरेंया, जनपद छपरा बिहार, हाल मुकाम बिधियानी खलीलाबाद), राजकुमार निवासी मैलानी कोतवाली खलीलाबाद, पिंटू निवासी वार्ड नंबर 08 बेलहर खुर्द, चंदन जायसवाल व उसकी पत्नी मोहिनी जायसवाल निवासी घोरखल खलीलाबाद तथा सत्यप्रकाश जायसवाल निवासी हयातगंज उत्तरी वार्ड नंबर 15 थाना टांडा जनपद अंबेडकरनगर शामिल हैं।

### दंपति को बेचने के लिए किया था अपहरण

पूछताछ में राजेश यादव ने बताया कि उसकी पत्नी संगीता मोहिनी जायसवाल के घर नौकरानी का काम करती थी। मोहिनी के रिश्तेदार सत्यप्रकाश जायसवाल की शादी को 10-12 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन संतान न होने के कारण शिशु दिलाने पर मुंहमांगी कीमत की बात कही गई। इसी लालच में योजना बनाकर 08 फरवरी को अपहरण की वारदात को अंजाम दिया गया। बच्चे को राजकुमार के घर रातभर रखा गया और बालूशासन पुल के पास सौदेबाजी के दौरान पुलिस ने सभी को धर दबोचा। देर शाम सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# विद्यालय का धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** एन.ई.रेलवे गर्ल्स इण्टर कालेज,गोरखपुर में 10 फरवरी,2026 को प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर मनोज कुमार के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने लगाये गये विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, स्वागत गान, समूह नृत्य एवं बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर आधारित नाटक रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथ्य ने विभिन्न क्रिया-कलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में छात्राओं द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी एवं उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुये कहा कि छात्रायें जिस विधा को सीख रही हैं, उसके कारण अपनी जिज्ञासा मरने न दें, क्योंकि हर विधा जिन्दगी में आप को एक नया रास्ता दिखाती है।

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुपम उपाध्याय, पुत्री विश्वनाथ उपाध्याय, निवासी सी-53 मंदिर पार्क रोड, महानगर, लखनऊ के नाम पर जारी किया गया सम्पत्ति सं. 4/55, जानकीपुरम एक्सटेंशन, लखनऊ स्थित सम्पत्ति से संबंधित मूल आवंटन पत्र खो गया है। काफी कोशिशों के बाद भी, उक्त दस्तावेज़ नहीं मिल पाया है और माना जाता है कि वह खो गया है। इसके संबंध में पुलिस ईकाईः पुलिस कंप्यूटर केन्द्र, तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ में एल.ए.आर. सं0 2026000098636 दिनांक 21.01.2026 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई है। उक्त आवंटन पत्र धारक इसके द्वारा घोषणा करता है कि यदि किसी को मूल दस्तावेज़ मिलता है, तो वे तुरंत अधोहस्ताक्षरी व्यक्ति को सूचित करें। किसी भी व्यक्ति द्वारा उपरोक्त खोए हुए दस्तावेज़ से डील करना अपनी खुद की जोखिम और ज़िम्मेदारी पर होगा।

## युवक की मौत, पांच पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज



**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बखिरा थाना क्षेत्र के बढ़या गांव के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इन्दरपुर गांव निवासी प्रमोद सिंह का पुत्र विशाल सिंह 4 फरवरी की रात लापता हो गया था। अगली सुबह विशाल बढ़या गांव के पास सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। 9 फरवरी को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान विशाल ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने विजय प्रताप सिंह निवासी बढ़या, शिवम यादव निवासी देवकली, सुजीत यादव निवासी सांगठ, लालचंद्र यादव निवासी चिट्ठापार और रामकुमार यादव निवासी सांगठ पर बेटे विशाल सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी बखिरा सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## डीएम ने तहसील बांसी का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा तहसील बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी कोर्ट को देखा गया। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराये तथा कब्जा भी दिलाये। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी.वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र आदि पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। इसके अलावा रिकार्ड रूम, संग्रह कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, नजारत, आपूर्ति कार्यालय, वसूली रजिस्टर, परवाना रजिस्टर, आदि को देखा गया।

## सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं जिम्मेदार एआई पर जनपद स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जनपद कुशीनगर में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोग को लेकर एक जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं तकनीकी कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्देश्य आमजन एवं शासकीय अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर खतरों की पहचान तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।

# होली पर विशेष गाड़ियों का होगा संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व पर 05005/05006 बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी होली विशेष गाड़ी का संचलन बढ़नी से 4 से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को तथा अमृतसर से 5 से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को 4 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 12, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

इसके अलावा 05023/05024 गोमतीनगर-खातीपुरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 3 से 24 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को तथा अमृतसर से 4 से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को 4 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा शयनयान श्रेणी के 11 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआं से 1 से 29 मार्च तक प्रत्येक रविवार को तथा राजकोट से 2 से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को 5 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। 05301/05302 मऊ जं-अम्बाला कैंट-मऊ जं. साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन मऊ जं. से 5 से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को तथा अम्बाला कैंट से 6 से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को 4 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## 1 से 9 फरवरी तक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर के निर्देश पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, प्रकाश चन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में वाणिज्य अधिकारियों की टीम ने 01 से 09 फरवरी तक गोरखपुर से भटनी एवं बेलथरा रोड तथा गोरखपुर से बस्ती एवं गोंडा रेल खण्डों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। जिसके फलस्वरूप बिना टिकट/अनियमित टिकट केसाथ/बिना बुक सामान के कुल 190 मामले पकड़े गये। जिनसे कुल रुपया एक लाख चार हजार एक सौ के रेल राजस्व की वसूली की गयी। यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के सभी मंडल पर निरन्तर स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर स्टेशनों एवं गाड़ियों में आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## नमक लोडिंग को स्टेनलेस स्टील कंटेनरों का हुआ ट्रायल

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** अहमदाबाद मंडल के भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में भारतीय रेल ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। नमक जैसे संक्षारक थोक कार्गो के परिवहन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए यह कंटेनरों का यहां पहला सफल ट्रायल किया गया। यह पहल तकनीकी नवाचार के साथ-साथ सुरक्षित, तेज़ और आधुनिक माल परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम है। इस ट्रायल से यह साफ हो गया है कि पारंपरिक खुले वैगनों की तुलना में कंटेनर आधारित परिवहन अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हो सकता है। यह पहल न केवल तकनीकी रूप से सफल रही है, बल्कि आत्मनिर्भर, सुरक्षित और कुशल माल परिवहन के विजन को साकार करने की दिशा में भी मजबूत कदम साबित हुई है।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (भारत सरकार का उपक्रम)
Union Bank of India (A Government of India Undertaking)
क्षेत्रीय कार्यालयःअयोध्या

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6)/9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री नोटिस।**

एतद्द्वारा जनसामान्य एवं विशेषतर ऋणकर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/चार्ज की गई है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की संबंधित शाखाएं (सुरक्षित लेनदार) के संबंधित ऋणकर्ताओं एवं जमानतकर्ताओं से संबंधित देय धनराशि की वसूली के लिए बंधक सम्पत्तियों की बिक्री **"जो है जहाँ है", "जो है जैसी है" एवं "जैसी भी स्थिति में है"** के आधार पर **दिनांक 27.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 05.00 बजे तक** की जायेगी, जैसा कि निम्नलिखित है। आरक्षित राशि एवं धरोहर राशि का विवरण नीचे दिया गया हैः-

**ऑनलाइन ई-नालामी वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से**
**नीलामी की तिथि एवं समयः 27.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (10 मिनट की अनलिमिटेड एक्सटेंशन के साथ)**

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतकर्ता का नाम एवं पता एवं शाखा | नीलाम की जाने वाली सम्पत्तियों का विवरण | 1. आरक्षित राशि 2. जमा धरोहर राशि 3. बढ़ोत्तरी राशि | 1. प्राधिकृत अधिकारी का नाम 2. सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ईमेल आईडी | बकाया धनराशि ब्याज एवं लागत सहित | भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शाखाः मुख्य शाखा, बस्ती** | | | | | | |
| 1 | **ऋणीः मेसर्स कामधेनु दुग्ध उत्पादन केंद्र (प्रो. श्री प्रेम प्रकाश)** ग्राम परसा तुड़ी, पोस्ट भेलखा, तहसील सदर बस्ती, जिला- बस्ती (उ.प्र.) **प्रो0: श्री प्रेम प्रकाश,** ग्राम परसा तुड़ी, पोस्ट भेलखा, तहसील सदर बस्ती, जिला. बस्ती | आवासीय मकान का सभी भाग एवं खण्ड जो कि गाटा/प्लॉट नंबर 50 आ क्षेत्रफल 0.094 हेक्टेयर, खाता नंबर 0039 परसा तुड़ी, टप्पा हवेली, परगना बस्ती, पश्चिम तहसील- बस्ती सदर, जिला बस्ती में स्थित। **श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिरई के नाम पर, चौहद्दीः पूर्वः** सड़क **पश्चिमः** प्रेम प्रकाश (बंधककर्ता) की भूमि, **उत्तरः** हरदई राम की भूमि, **दक्षिणः** राम केश की भूमि। | 1. 36,89,000/- 2. 3,68,900/- 3. 36,890/- | 1. श्री शैलेन्द्र भदौरिया 2. 9752520989 3.basti@unionbankofindia.com | रू. 18,18,194.00 प्लस ब्याज दि0 16.03.2022 से एवं अन्य व्यय एवं लागत | ज्ञात नहीं |
| **शाखाः मुख्य शाखा, बाराबंकी** | | | | | | |
| 2 | **ऋणीः मेसर्स सावित्री इंडस्ट्रीज प्रो. श्री मनोज कुमार पुत्र स्व० गजराज। सह-देनदार/जमानतकर्ताः 1. स्व० श्री गजराज, 2. श्रीमती मीरा देवी, 3. श्री मंसा राम एवं 4. श्री मनोज कुमार** सभी का पताः ग्राम-बुधेरा, तहसील-रामनगर, बाराबंकी। | भूमि एवं भवन, प्लॉट नंबर 827, बुधेरा, परगना रामनगर, जिला बाराबंकी. क्षेत्रफलः 0.179 हेक्टेयर. **मालिकः श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व० गजराज, श्री मनोज कुमार पुत्र स्व० गजराज एवं मंसाराम पुत्र स्व० गजराज। चौहद्दीः पूर्वः** खेत प्रेम चंद्र; **पश्चिमः** खेत अनंत राम; **उत्तरः** शर्मा का खेत; **दक्षिणः** रोड बसौली से रोटी गांव। | 1. 19,17,000/- 2. 1,91,700/- 3. 19,170/- | 1. श्री शैलेन्द्र 2. 98963 22800 3. barabanki@unionbankofindia.com | रू. 7,66,612.75 प्लस ब्याज दि0 12.12.2025 से एवं अन्य व्यय एवं लागत | ज्ञात नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट पर दिए गए लिंक यानी **www.unionbankofndia.co.in** एवं **https://baanknet.com** पर जाएं। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान एवं बोली प्रक्रिया के नियमों के लिए, वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए, बोलीकर्ता के पास वैलिड ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक विवरण एवं सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन हेतु बोलीकर्ता/खरीदार के पास "डिजिलॉकर फैसिलिटी" होनी चाहिए। बोलीकर्ता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए बायर मैनुअल से गाइड हो सकते हैं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों के अनुसार बिक्री के नियम एवं शर्तो का सख्ती से पालन किया जाएगा।

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/नियम 9 (1) के अंतर्गत वैधानिक 15 दिवसीय बिक्री नोटिस**

इसे सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/सपठित नियम 9 (1) के अंतर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणकर्ता/जमानतकर्ता को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

**दिनांकः 11.02.2026, स्थानः अयोध्या** **प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया**



**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेलः nnlko@up.nice.in

संख्या : 399/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 09.02.2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु **23/02/2026** को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **21/02/2026** तक **अपराह्न 02:00** बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की वेबसाइट **lmc.up.nic.in** से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय, लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में **दिनांक 23/02/2026** को **अपराह्न 03:00** बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को **अपराह्न 04:00** बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज्ड हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) | जमानत धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जी.एस.टी. 18% | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत विद्यावती द्वितीय वार्ड में सेक्टर-जी में गुलाब वाटिका की बैक लेन नन्दा आवास सी-97 मुख्य मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य | 514448.00 | 51445 | 15 दिन | 514 | 93 | 607 |
| 02 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत विद्यावती द्वितीय वार्ड में सेक्टर-जी में गुलाब वाटिका की बैकलेन का सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 820243.00 | 82024 | 15 दिन | 820 | 147 | 967 |
| 03 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत खरिका प्रथम वार्ड के अन्तर्गत डिफेन्स कालोनी में सुरेश धूमल के घर के पीछे बैक लेन का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 442682.00 | 44268 | 15 दिन | 443 | 80 | 523 |
| 04 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत ममता गैस के पास बैक लेन का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 836543.00 | 83654 | 15 दिन | 837 | 151 | 988 |
| 05 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सुहाग महल के बगल अनमोल होजरी बैक लेन का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। | 701332.00 | 70133 | 15 दिन | 701 | 126 | 827 |
| 06 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत औरंगाबाद में शाश्वत नर्सिंग होम इंस्टीट्यूट के पीछे बैक लेन का सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 834061.00 | 83406 | 15 दिन | 834 | 150 | 984 |

**शर्तें :** (1) निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) (2) शासनादेश सं0-6738/23-07-06/176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या-692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी, जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्युरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/ड्यूली प्लैज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (04) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (5) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (6) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

## न्यूज ब्रीफ

### एनआईए अदालतें स्थापित करने पर 17 राज्यों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र सहित 17 राज्यों को नोटिस जारी कर विशेष एनआईए अदालतों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा जहां आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत 10 या अधिक मामले लंबित हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से एक व्यापक वस्तु स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद राज्यों से तीन सप्ताह में जवाब मांगा। रिपोर्ट में कहा गया कि मंत्रालय ने उन राज्यों में विशेष अदालतें स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है जहां एनआईए के 10 या अधिक मामले लंबित हैं। पीठ ने कहा कि अगर लंबे मुकदमे के बाद किसी आरोपी को बरी कर दिया जाता है तो मुकदमे में देरी से अन्याय होता है।

### तेजप्रताप ने राजपाल यादव को 11 लाख की मदद की घोषणा

**नई दिल्ली।** राजनेता तेज प्रताप यादव, अभिनेता सोनू सूद और गुरमीत चौधरी ने मंगलवार को जेल में बंद अभिनेता राजपाल यादव को मदद की पेशकश की। राजपाल यादव ने 2010 में निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था और बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म की असफलता से जुड़े चेक बाउंस मामलों के सिलसिले में कोर्ट के आदेश पर उन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष और लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने राजपाल यादव और उनके परिवार को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

### ओडिशा में आयुष डॉक्टरों के वेतन में 40,000 तक की वृद्धि

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत आयुष डॉक्टरों के मासिक वेतन में भारी वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में आयुष डॉक्टरों के योगदान को मान्यता देना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, संविदा के आधार पर कार्यरत 2,912 आयुष डॉक्टरों के वेतन में उनके सेवा काल के आधार पर 20,000 रुपये से लेकर 40,000 रुपये तक की मासिक बढ़ोतरी की गई है।

### अमृतसर में आतंकी साजिश नाकाम आरडीएक्स बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में एक आरडीएक्स से लैस बम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकवादी साजिश को नाकाम कर दिया। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित गुर्गों के निर्देश पर काम कर रहे एक विदेशी आका के संपर्क में था। डीजीपी ने बताया कि उपकरण को पता लगने से बचाने के लिए पीवीसी पाइप में छिपाया गया था।

# सीआईसी नियुक्तियों में नेता प्रतिपक्ष की असहमति का नहीं होगा खुलासा

## उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश जारी करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष के असहमति नोट का खुलासा करने का निर्देश नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को केंद्र सरकार ने बताया कि सीआईसी में खाली पद भर दिए गए हैं। इस पर पीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह शीर्ष अदालत के 2019 के फैसले के अनुसार विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे।

वर्ष 2019 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सीआईसी और राज्य सूचना आयोगों (एसआईसी) में पदों को भरने के लिए निर्देश जारी किए थे। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की धारा 12(3) के तहत, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों का चयन कर उनकी सिफारिश करती है। इस समिति में नेता प्रतिपक्ष और प्रधानमंत्री की ओर से नामित एक केंद्रीय मंत्री भी शामिल होते हैं। शीर्ष अदालत सीआईसी और एसआईसी के रिक्त पदों को भरने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने एसआईसी में रिक्त पदों को भरने के मुद्दे पर भी विचार किया और राज्यों को जल्द ही चयन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

पीठ ने राज्यों से वहां लंबित मामलों को ध्यान में रखते हुए एसआईसी में स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाने की वांछनीयता पर विचार करने को भी कहा। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि सीआईसी में रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर सभी पद भर दिए गए हैं। अंजलि भारद्वाज और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र ने इस बारे में ब्योरा नहीं दिया है कि किसने आवेदन किया था और नियुक्तियों के लिए किसे ''शॉर्टलिस्ट'' किया गया। उन्होंने कहा, उन्हें खुलासा करना होगा कि आवेदन करने वाले कौन लोग हैं। पीठ ने कहा कि जिन लोगों को नियुक्त किया गया उनके नाम सार्वजनिक हैं।



### केंद्र से अयोग्य लोगों की नियुक्ति की उम्मीद नहीं

भूषण ने सुनवाई के दौरान कहा, नियुक्त हुए लोगों के नाम सार्वजनिक हैं लेकिन उनकी योग्यता नहीं। विपक्ष के नेता का एक असहमति नोट है। वह प्रकाशित नहीं है। इस पर सीजेआई ने कहा, हम उस पर गौर नहीं करेंगे। यहां सुनवाई करने का कोई सवाल ही नहीं है। भूषण ने दलील दी कि लोगों को यह जानने का अधिकार है कि विपक्ष के नेता की असहमति का कारण क्या था। पीठ ने कहा कि वह यह उम्मीद नहीं कर सकती कि केंद्र सरकार और समिति किसी अयोग्य व्यक्ति को इन पदों पर नियुक्त करेगी। भूषण ने तर्क दिया कि अतीत में, एक ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया गया था जिसके पास आरटीआई अधिनियम के बारे में कोई अनुभव नहीं था।

### चुनाव में अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने के सुझावों पर विचार करे निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को एक जनहित याचिका को अभ्यावेदन के रूप में मानने और अत्यधिक चुनावी खर्च पर अंकुश लगाने के वास्ते अपनी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में शामिल करने के लिए सुझावों पर विचार करने को कहा। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की कि अदालत अत्यधिक चुनावी खर्च पर तीसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं कर सकती क्योंकि निर्वाचन आयोग ने भी इसे चुनौती दी है। पीठ ने कहा कि आईआईटी स्नातक याचिकाकर्ता प्रभाकर देशपांडे की ओर से दिए गए सुझाव विचार करने योग्य हैं। केमिकल इंजीनियर देशपांडे ने निर्वाचन आयोग को गलती करने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई की योजना तैयार करने और लोकतांत्रिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव खर्च पर लगी सीमा की पुन: पड़ताल करने के निर्देश देने का आग्रह किया था। निर्वाचन आयोग ने अखिल भारतीय सेवाओं से स्वतंत्र व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती और अपने मौजूदा निगरानी तंत्रों का हवाला दिया लेकिन पीठ ने कहा कि इन उपायों की प्रभावशीलता के संबंध में याचिकाकर्ता की शिकायतें व्यापक जनहित में दायर की गई हैं।

### एससी/एसटी में क्रीमी लेयर को बाहर रखने के लिए केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से उन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है जिनमें दाखिले और नौकरियों में आरक्षण के लाभों से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की क्रीमी लेयर को बाहर रखने के लिए मानदंड निर्धारित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ओपी शुक्ला और समता आंदोलन समिति द्वारा दायर उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें आरक्षण पर एक अगस्त 2024 के ऐतिहासिक फैसले को लागू करने का आग्रह किया गया है।

# जनरल नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस नेता ने कहा, पूर्व सेना प्रमुख पर मुझे पूरा भरोसा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में कहा, नरवणे का एक ट्वीट है जिसमें उन्होंने कहा है, मेरी किताब का लिंक फ़ॉलो कीजिए। अब या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या ''पेंगुइन'' (प्रकाशक) झूठ बोल रहा है। मुझे नहीं लगता कि पूर्व थलसेना प्रमुख झूठ बोलेंगे। उन्होंने कहा, पेंगुइन कहता है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन किताब अमेजन पर उपलब्ध है। जनरल नरवणे ने 2023 में ट्वीट किया है कि कृपया मेरी किताब खरीदिए। मैं पेंगुइन के बजाय नरवणे जी पर भरोसा करता हूं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पेंगुइन पर नरवणे से ज़्यादा भरोसा किया जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा, नरवणे जी ने अपनी किताब में कुछ ऐसे बयान दिए हैं जो भारत सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असुविधाजनक हैं। स्पष्ट है कि आपको यह तय करना होगा कि पेंगुइन सच बोल रहा है या पूर्व थलसेना प्रमुख।

## तेलंगाना निकाय चुनाव से पहले भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने अपने घर में सुबह साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

# अजित पवार के विमान हादसे में साजिश की बू विशेषज्ञों से कराएं जांच

**मुंबई, एजेंसी**

- राकांपा (शप) विधायत रोहित पवार ने उठाए सवाल, विशेषज्ञ एजेंसियों से जांच की मांग

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले माह हुए उस विमान हादसे में साजिश का संदेह है जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी। उन्होंने विशेषज्ञ एजेंसियों से इस हादसे की विस्तृत जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता कि यह महज एक दुर्घटना थी। इसमें साजिश की बू है।

रोहित पवार ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान विमान की कमान संभाल रहे कैप्टन सुमित कपूर के पिछले रिकॉर्ड पर सवाल उठाया और अतीत में शराब के सेवन के लिए उनके तीन साल के निलंबन का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि सीआईडी के पास इस हादसे की पूरी जांच करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने इस हादसे की भारतीय एजेंसियों के अलावा राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, नागरिक विमानन सुरक्षा जांच एवं विश्लेषण ब्यूरो, ब्रिटेन की विमान दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) जैसे विशेषज्ञ एजेंसियों से जांच कराने की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटनाग्रस्त लियरजेट विमान की मालिकाना कंपनी वीएसआर का डीजीसीए के अधिकारियों पर प्रभाव है। इस कंपनी के एक विमान के 2023 में हुए हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट पहले ही पेश कर दी गई है। इसके बावजूद कंपनी का परिचालन लाइसेंस कभी रद्द नहीं किया गया और उसके विमान अब भी उच्चस्तरीय नेता इस्तेमाल कर रहे हैं।

रोहित पवार ने दुर्घटना से पहले के घटनाक्रम को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अंतिम क्षणों से पहले विमान का ट्रांसपोंडर जानबूझकर बंद कर दिया गया था। रोहित के अनुसार, मूल पायलट साहिल मदान और यश यातायात के कारण देरी से पहुंचे थे। ऐसे में सुमित कपूर और शांभवी पाठक हवाई अड्डे तक कैसे पहुंचे, क्या वे आसपास ही रहते थे। उन्होंने कहा कि पाठक को कपूर की तुलना में लियरजेट उड़ाने का अधिक अनुभव था।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे। अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को मिला समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

### पर्यटकों का स्वागत



केरल पर्यटन सम्मेलन से पहले हैदराबाद में कथकली नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। राज्य में हर साल बड़े पैमाने पर पर्यटन सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्थानीय कलाकार आकर्षक प्रस्तुतियां देते हैं।

## भोपाल में एमबीबीएस की छात्रा की मौत

**भोपाल।** भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा की मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा का शव कोहेफिजा थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी छात्रावास के शौचालय में मिला। मौके से एसिड की एक खाली बोतल बरामद हुई है।

मृतका की पहचान अलीराजपुर निवासी रोशनी कलेश के रूप में हुई है। रोशनी ने अक्टूबर में गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था और कोहेफिजा क्षेत्र में छात्रावास में रह रही थी। मंगलवार सुबह तय समय पर कॉलेज नहीं पहुंचने पर उसकी सहेलियों को शक हुआ। कमरे की तलाश करने पर वह शौचालय में मिली, जिसका दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और मोबाइल फोन पर कॉल करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर छात्रावास के कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा। शौचालय में छात्रा फर्श पर अचेत अवस्था में पड़ी मिली। छात्रा को सुबह करीब साढ़े आठ बजे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में मील का पत्थर

## लोकसभा में चर्चा के दौरान भाजपा सांसद ने गिनाईं खूबियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्वित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार के समय) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। भाजपा सदस्य ने कहा कि बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। सारंगी ने कहा कि 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय केवल दो लाख करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### अमेरिका से समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के उलट, जयशंकर-गोयल खेल रहे पिंग-पोंग: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के हर सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने इस मामले में केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं के माध्यम से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। यह बेहद निराशाजनक है, क्योंकि इससे जवाबदेही गायब हो गई है और संसद को एक ऐसे बजट का सामना करना पड़ता है जो उन दायित्वों को छुपाता है जिन्हें सरकार खुले तौर पर स्वीकार करने का साहस नहीं दिखा रही है।

### अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश

नई दिल्ली। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट दिशाहीन है और इसे लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है। विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## दिल्ली में कारोबारी की हत्या की लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए किया कई टीमों का गठन

दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या के एक दिन बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने इस पोस्ट की प्रामाणिकता और हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीमों का गठन किया है, साथ ही जबरन वसूली और संगठित अपराध के पहलुओं को लेकर जांच का दायरा बढ़ाया गया है।

रणदीप मलिक अनिल पंडित नामक अकाउंट की पोस्ट के अनुसार यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई, जितेंद्र गोगी मान, हाशिम बाबा और काला राणा गिरोह के इशारे पर की गई। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि कारोबारी वैभव गांधी गिरोह की गतिविधियों में हस्तक्षेप कर रहा था। हिंदी और अंग्रेजी में लिखी गई पोस्ट में कहा गया कि यह घटना एक चेतावनी है कि जो कोई भी उनके कार्यों में बाधा डालेगा उसे बिना किसी पूर्व सूचना के जान से मार दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्टरी के संचालक वैभव गांधी (35) की सोमवार दोपहर बवाना में गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांधी जब लैपटॉप बैग लेकर फैक्टरी के बाहर खड़े थे तभी दोपहर करीब 12.51 बजे गोलीबारी की घटना हुई।


**वैश्विक स्थिति** | ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट, दुनिया के 182 देशों में 91वें स्थान पर पहुंचा

# भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत ने पांच पायदान की छलांग लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत मंगलवार को जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 2025 में 182 देशों और क्षेत्रों में से पांच पायदान ऊपर चढ़कर 91वें स्थान पर पहुंच गया। ''ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल'' के नवीनतम सीपीआई के अनुसार, भारत का स्कोर पिछले वर्ष से एक अंक बढ़ गया है, जबकि इसकी रैंक 96वें स्थान से बेहतर हुई है।

बर्लिन स्थित भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्था की रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भ्रष्टाचार-रोधी प्रगति धीमी है, क्योंकि पिछले



साल कई देशों में जनता का रोष देखा गया। 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' ने कहा कि 2025 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक से पता चलता है कि दुनिया के हर हिस्से में भ्रष्टाचार एक गंभीर खतरा बना हुआ है, हालांकि प्रगति के सीमित संकेत हैं। रिपोर्ट में कहा गया, नेताओं को सत्ता के दुरुपयोग और इस गिरावट के लिए जिम्मेदार व्यापक कारकों, जैसे लोकतांत्रिक नियंत्रण और संतुलन को वापस लेना और नागरिक समाज पर हमलों से निपटने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। कहा गया, दुनिया के कई हिस्सों में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों से पता चलता है कि लोग गैर-जिम्मेदार नेतृत्व से तंग आ चुके हैं और सुधार की मांग कर रहे हैं।

सीपीआई दुनिया भर के 182 देशों और क्षेत्रों को उनके सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के कथित स्तर के आधार पर रैंक देती है। परिणाम शून्य (अत्यधिक भ्रष्ट) से 100 (बहुत स्वच्छ) के पैमाने पर दिए गए हैं। डेनमार्क ने 89 अंकों के साथ शीर्ष पर स्थान बरकरार रखा, जिसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर का स्थान है। पैमाने के दूसरे छोर पर दक्षिण सूडान और सोमालिया हैं, दोनों ने नौ अंक दर्ज किए, उसके बाद वेनेजुएला का स्थान है। दक्षिण सूडान की एक अंक की बढ़त ने उसे सोमालिया के बराबर ला दिया। अमेरिका को 29वां स्थान दिया गया है, वहीं ब्रिटेन को 20वां स्थान मिला है।

### भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए भारत खतरनाक देशों की सूची में

रिपोर्ट में भारत को भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए खतरनाक देशों में भी सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया कि 2012 के बाद से, दुनिया भर में गैर-संघर्ष क्षेत्रों में, 829 पत्रकारों की हत्या कर दी गई। रिपोर्ट में कहा गया, इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक हत्याएं 50 से कम सीपीआई स्कोर वाले देशों में हुईं, जिनमें ब्राजील (35), भारत (39), मैक्सिको (27), पाकिस्तान (28) और इराक (28) शामिल हैं, जो भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए विशेष रूप से खतरनाक हैं।

## महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

### प्रसंगवश

## मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?



जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

–श्रीकृष्ण

## अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह

कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

**भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।**

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

### आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

–अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

–केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



## यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला

चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

**उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

### सोशल फोरम

## 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी

ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है।

**-फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।

समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये
# प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।


शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली



वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।



## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड

13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।


## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।



## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।



### अनोखी परंपरा

## गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

### आर्ट गैलरी

## जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में

जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ़्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।



### लोकायन

## बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुतः हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।

बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।

बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल- सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।




आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

## ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।


सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



# व्हाइट हाउस ने जारी की फैक्ट शीट, 500 अरब डॉलर के अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा भारत

## अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।

फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स,



रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### भारतीय किसानों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिलेगा शून्य शुल्क पर प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत के किसानों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को अमेरिका में ऐसे विभिन्न उत्पादों को वहां शून्य शुल्क पर बेचने का अवसर मिल सकता है जिनका वहां फिलहाल सालाना 46 अरब डॉलर का आयात होता है। सूत्रों के अनुसार, इनमें मसाले, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, फल, चाय, कॉफी और एसेंशियल ऑयल शामिल हैं। भारत अभी वहां ऐसे उत्पादों का सालाना 1.4 अरब डॉलर का निर्यात करता है। अमेरिका के साथ कृषि व्यापार में फिलहाल भारत का मूल्य के हिसाब से निर्यात 1.3 अरब डॉलर ज्यादा है। वर्ष 2024 में भारत से अमेरिका को कृषि निर्यात 3.4 अरब डॉलर का और वहां से आयात 2.1 अरब डॉलर का था। इस तरह कृषि निर्यात में भारत मजबूत स्थिति में दिखता है।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

- म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र ?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## ब्रीफ

### एलआईसी म्यूचुअल फंड देश की पहली महिला केंद्रित शाखा खुली

**नई दिल्ली :** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने दक्षिण दिल्ली में देश की पहली महिला-केंद्रित शाखा का शुभारंभ किया है। इस शाखा का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कंपनी के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में स्त्री-पुरुष अंतर को पाटना और महिलाओं को वित्तीय फैसलों के लिए सशक्त बनाना है। गौरतलब है कि दक्षिण दिल्ली एक बड़ा वित्तीय बाजार है, जिसका अनुमानित एयूएम 1.30 लाख करोड़ है। एलआईसी म्यूचुअल फंड का लक्ष्य इस शाखा के माध्यम से महिलाओं को एक सुरक्षित और सुलभ निवेश वातावरण प्रदान करना है।

### एथर एनर्जी पर सौ करोड़ खर्च करेगा इकोफाई

**नई दिल्ली :** हरित ऊर्जा क्षेत्र की एनबीएफसी इकोफाई ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत इकोफाई एथर के ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाएगी। यह साझेदारी ग्राहकों को वाहन ऋण और 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' जैसे विशेष हरित वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेगी। इकोफाई की सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा कि इस कदम से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी। एथर एनर्जी के मुख्य व्यापार अधिकारी रवनीत फोकेला के अनुसार, इससे ग्राहकों के लिए लोन के विकल्प और अधिक सुलभ होंगे।

### बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन लाएगी 2,000 करोड़ का आईपीओ

**नई दिल्ली :** इटली के बोनफिग्लियोली समूह की भारतीय इकाई बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी (SEBI) के पास दस्तावेज जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस इश्यू के जरिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है। यह आईपीओ पूरी तरह 'बिक्री पेशकश' पर आधारित होगा। इसके तहत प्रमोटर कंपनी 4.7 करोड़ शेयर बेचेगी और कोई भी नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। चूंकि यह ओएफएस है, इसलिए आईपीओ से मिलने वाली पूरी राशि शेयरधारकों के पास जाएगी। कंपनी मुख्य रूप से पावर ट्रांसमिशन और इंडस्ट्रियल ड्राइव समाधान क्षेत्र में काम करती है।

### इस्पात निर्यात: नए बाजारों की तलाश में भारत

**नई दिल्ली :** भारत अपने इस्पात (स्टील) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अब पश्चिम एशिया और अन्य एशियाई देशों के रूप में नए बाजार तलाश रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अगले छह महीनों में भारतीय कंपनियों और विदेशी सरकारों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अभी तक भारत का मुख्य ध्यान यूरोपीय बाजारों पर केंद्रित था, लेकिन अब सरकार निर्यात में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रही है। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया में बुनियादी ढांचे का बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है, जो भारतीय इस्पात के लिए एक बड़ा अवसर है। इस संबंध में विभिन्न देशों के साथ 'सरकार-से-सरकार' स्तर पर बातचीत जारी है।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।

आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है।



डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

- वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।

## परंपरा



जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में एक बुनाई केंद्र में कालीन करघों पर काम करती महिलाओं का एक समूह। कश्मीर में महिलाओं द्वारा कालीन बुनाई की यह परंपरा न केवल सदियों पुराने शिल्प को जीवित रख रही है, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम भी बन गई है। यहाँ के कालीनों की विशेषता तालीम प्रणाली है, जो एक सांकेतिक लिपि होती है जिसे पढ़कर बुनकर गांठें लगाते हैं। • एजेंसी

## वित्त मंत्री 23 को आरबीआई बोर्ड को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक को संबोधित करेंगी। बजट के बाद होने वाली इस पारंपरिक बैठक में वह वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की प्राथमिकताओं और विनिर्माण, कृषि एवं पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए घोषित समर्थन उपायों पर विस्तार से चर्चा करेंगी। यह बैठक आरबीआई द्वारा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के फैसले के तत्काल बाद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री बोर्ड के सदस्यों को बजट में दर्शाए गए आर्थिक विकास और राजकोषीय अनुशासन के संतुलन के बारे में जानकारी देंगी। सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को मार्च 2031 तक घटाकर 50% करने का लक्ष्य रखा है, जिसके वित्त वर्ष 2026-27 में 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ने कहा था कि पिछले 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था स्थिरता और निरंतर वृद्धि की गवाह रही है।

## एंटरप्राइज एआई उपयोग में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर, सुरक्षा बनी बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2025 में 82.3 अरब लेनदेन के साथ भारत बना एशिया-प्रशांत का निर्विवाद अगुवा

**क्षेत्रवार दबदबा (लेनदेन के आंकड़े)**

| | |
|---|---|
| प्रौद्योगिकी एवं संचार | 31.3 अरब |
| विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) | 15.7 अरब |
| सेवा क्षेत्र (Services) | 12.6 अरब |
| वित्त एवं बीमा | 12.2 अरब |

भारत कृत्रिम मेधा (AI) अपनाने के मामले में वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है। क्लाउड सुरक्षा कंपनी 'जेडस्केलर' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, एंटरप्राइज एआई/एमएल लेनदेन के मामले में भारत अब अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उद्यमों ने जून से दिसंबर 2025 के बीच कुल 82.3 अरब एआई/एमएल लेनदेन दर्ज किए। यह मात्रा पूरे एशिया-प्रशांत (APAC) क्षेत्र की कुल एआई गतिविधियों का 46.2 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी प्रयासों, डिजिटल परिवर्तन और सार्वजनिक-निजी क्षेत्र द्वारा बुनियादी ढांचे में किए गए बड़े निवेश ने भारत को इस मुकाम पर पहुँचाया है।

जहां एआई उत्पादकता बढ़ा रहा है, वहीं यह अब साइबर हमलों का प्राथमिक माध्यम भी बनता जा रहा है। अध्ययन में आगाह किया गया है कि 'एजेंटिक एआई' का स्वायत्त और मशीनी गति से होने वाले संघर्षों में इस्तेमाल बढ़ रहा है। रिपोर्ट में एआई और एमएल ट्रैफिक का एक साथ परीक्षण किया गया है, क्योंकि उद्यमों की एआई प्रणालियां बड़े पैमाने पर काम करने के लिए मशीन लर्निंग मॉडल पर ही निर्भर होती हैं।

यह रिपोर्ट 16 फरवरी से शुरू होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से ठीक पहले आई है। इस शिखर सम्मेलन में एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और गूगल के सुंदर पिचाई जैसे वैश्विक दिग्गजों के शामिल होने की उम्मीद है।

## नीति रिपोर्ट


**परिवहन, भवन और उद्योग में कम कार्बन उत्सर्जन की दिशा में बदलाव लाने के लिए किफायती बिजली आवश्यक**

# स्वच्छ बिजली के लिए 14,230 अरब डॉलर निवेश की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश को 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए बिजली क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और पारेषण समेत अन्य क्षेत्रों में 14,230 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है। इसमें 98 प्रतिशत बिजली उत्पादन स्वच्छ ईंधन आधारित होगा।

नीति आयोग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के विकास और जलवायु लक्ष्य तेजी से एक ही प्रणाली पर निर्भर करते हैं और वह है बिजली। जैसे-जैसे देश 2047 तक विकसित भारत और 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, बिजली क्षेत्र की वृद्धि यह निर्धारित करेगी कि विकास समावेशी



और टिकाऊ हो सकता है या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीवन स्तर में सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और परिवहन, भवन और उद्योग में कम कार्बन उत्सर्जन की दिशा में बदलाव लाने के लिए भरोसेमंद, किफायती और स्वच्छ बिजली आवश्यक है। विकसित भारत परिदृश्य और शुद्ध शून्य उत्सर्जन क्षेत्रीय दृष्टिकोणः बिजली' शीर्ष से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2025 तक लगभग 258 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित होने के साथ, भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार बनकर उभरा है। यह स्वच्छ ऊर्जा विस्तार के पैमाने और गति को दर्शाता है।

हालांकि, अगला चरण अधिक जटिल है। शहरीकरण, एसी, डिजिटलीकरण, इलेक्ट्रिक परिवहन और हरित हाइड्रोजन के साथ मांग में तेजी से वृद्धि होगी और प्रणाली को परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के बहुत अधिक हिस्से को अवशोषित करने की आवश्यकता होगी।

भारत का ऊर्जा बदलाव अर्थव्यवस्था में तीव्र विद्युतीकरण द्वारा परिभाषित होगा, जिससे बिजली की मांग में कहीं अधिक तेज वृद्धि होगी। कुल ऊर्जा में बिजली की हिस्सेदारी 2025 में 21 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान नीति परिदृश्य (सीपीएस) में लगभग 40 प्रतिशत और नेट जीरो परिदृश्य (एनजेडएस) में 2070 तक 60 प्रतिशत होने का अनुमान है।

इसका मुख्य कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या, औद्योगिक ताप (हीट पंप/इलेक्ट्रिक बॉयलर) का अधिक उपयोग और इलेक्ट्रिक कुकिंग की ओर बढ़ता रुझान है। इसके परिणामस्वरूप, प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 2025 में 1,400 किलोवाट-घंटे से बढ़कर 2070 तक 7,000-10,000 किलोवाट-घंटे हो जाएगी। यह फ्रांस और दक्षिण कोरिया जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के स्तर के करीब पहुंच जाएगी। वर्तमान नीति परिदृश्य में 2070 तक कुल स्थापित क्षमता नौ गुना और नेट-जीरो परिदृश्य में 14 गुना होने का अनुमान है।

### खनिज जरूरतों को पूरा करने के लिए खनन व अन्वेषण पर जोर दें: रिपोर्ट

नीति आयोग ने देश की भविष्य की महत्वपूर्ण खनिज आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घरेलू स्तर पर अन्वेषण एवं खनन को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया है। एक रिपोर्ट में नीति आयोग ने मिशन-आधारित 'क्रिटिकल रॉ मटीरियल' अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) ढांचा स्थापित कर घरेलू नवाचार एवं प्रौद्योगिकी क्षमता विकसित करने का सुझाव दिया है। आयोग ने मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट में ऊर्जा बदलाव के लिए प्राथमिक खनिजों के शुरुआती चरण के अन्वेषण के लिए शर्तों के साथ पहले आओ, पहले पाओ (एफसीएफएस) पहुंच की व्यवस्था शुरू करने का सुझाव दिया है।

## रिलायंस ने किया मन्ना ब्रांड का अधिग्रहण


**नई दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) ने तमिलनाडु की कंपनी सदर्न हेल्थ फूड्स के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह कंपनी लोकप्रिय हेल्थ फूड ब्रांड 'मन्ना' (Manna) की मालिक है। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस को तेजी से बढ़ते मोटे अनाज (मिलेट्स) और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य खंड में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी।

आरसीपीएल के निदेशक टी. कृष्णकुमार ने कहा कि 'मन्ना' दक्षिण भारत का एक भरोसेमंद नाम है और इसके जुड़ने से कंपनी के पोर्टफोलियो (उदयम, इंडिपेंडेंस और सिल) को और ताकत मिलेगी। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले ही रिलायंस ने ऑस्ट्रेलियाई कंपनी गुडनेस ग्रुप में भी बड़ी हिस्सेदारी खरीदी थी।

## छोटी एनबीएफसी को मिल सकती है पंजीकरण से छूट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को अनुपालन बोझ कम करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली और जमा स्वीकार न करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया है। इन्हें 'टाइप-1' एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। एक मसौदा परिपत्र में आरबीआई ने प्रस्तावित किया कि ऐसी एनबीएफसी जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं कर रही हैं, जिनका आम ग्राहकों से कोई सीधा संपर्क नहीं है और जिनकी संपत्ति का आकार 1,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें केंद्रीय बैंक के साथ पंजीकरण की आवश्यकता से छूट दी जाएगी। यह निर्णय उनके विशिष्ट व्यावसायिक मॉडल और



कम जोखिम प्रोफाइल को देखते हुए लिया गया है।

मसौदा अधिसूचना के अनुसार ऐसी एनबीएफसी को एक अप्रैल, 2026 से आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के प्रावधानों से छूट दी जाएगी। अब तक इन कंपनियों के लिए उक्त धारा के तहत पंजीकरण कराना वैधानिक रूप से अनिवार्य था। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि ऐसी संस्थाओं को अब 'गैर-पंजीकृत टाइप-1 एनबीएफसी' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में बस के नदी में गिरने से 12 की मौत

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही बस बागमती प्रांत के रामेछाप नगरपालिका में तामाकोशी नदी में गिर गई। यह स्थान काठमांडू से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक, मृत 12 यात्रियों में से 10 की पहचान कर ली गई है। स्थानीय निवासियों, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों ने दुर्घटनास्थल से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**रॉकविले।** अमेरिका के मैरीलैंड स्थित एक हाई स्कूल में एक व्यक्ति को सोमवार को गोली मारे जाने के बाद इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और इस घटना के मद्देनजर स्कूल परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया गया। स्कूल परिसर में 'लॉकडाउन' की स्थिति हैं जहां से कोई बाहर भी नहीं निकल सकता ।मॉन्टगोमरी काउंटी पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि गोलीबारी के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रॉकविले सिटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि आमजन को अब कोई खतरा नहीं है।

### वकील को इमरान से मुलाकात की अनुमति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक वकील को जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने वकील को जेल में इमरान की रहने की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान पांच अगस्त 2023 से सलाखों के पीछे हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषसिद्धि के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# केन्या में सूखे से हालात गंभीर 20 लाख भुखमरी की चपेट में

**कंपाला (युगांडा)।** केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे संगठनों की ओर से यह जानकारी दी गई है।

केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य

• जलवायु परिवर्तन के भीषण दुष्प्रभावों से जूझ रहे हैं 20 जिले

संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।

हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## 30 साल बाद भी ठोस कदम नहीं

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़े पैमाने पर बच्चों की गुमशुदगी के पीछे देशव्यापी गिरोह की आशंका जताए जाने से साफ है कि लंबे समय से अनदेखी के कारण देश में यह समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजा आंकड़े और मीडिया रिपोर्ट्स में भी इस भयावह तस्वीर को सामने रखती है। देश में यह संकट कोई साल दो साल पुराना नहीं है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1993 में ही इस पर चिंता जताई थी। इसके बाद 2007 में इस पर समितियां भी गठित की गईं। नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी के संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' ने दिसंबर 2011 में एक महत्वपूर्ण शोध रिपोर्ट जारी की जिसमें खुलासा किया गया था कि देश भर में हर घंटे लगभग 11 बच्चे लापता होते हैं। इस रिपोर्ट ने पूरे देश में हलचल मचाई लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके।

# बच्चों की गुमशुदगी



**सुप्रीम कोर्ट**
सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने ट्रैक चाइल्ड पोर्टल जैसा राष्ट्रीय डेटाबेस और खोया-पाया सिटीजन पोर्टल शुरू किया। ताजा मीडिया रिपोर्ट के बाद हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिर राज्यों से विस्तृत डेटा मांगा है।

### देश में बच्चों की गुमशुदगी

- वर्ष 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में 1.4 लाख से ज्यादा बच्चे लापता बताए गए थे।
- रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 47,000 से अधिक बच्चे गुमशुदा हुए जिनमें 71.4% लड़कियां थीं।
- पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में बच्चों के लापता होने की दर सबसे ज्यादा।
- आंकड़ों के अनुसार जिन बच्चों का पता नहीं लगा, उनमें 12-18 वर्ष आयु के बच्चे सर्वाधिक हैं।

### इन शहरों में सर्वाधिक गुमशुदगी

- दिल्ली में हर दिन औसतन 13 बच्चे लापता होते हैं। 2016 से जनवरी 2026 के बीच दिल्ली में कुल 60,694 बच्चे लापता हुए। जनवरी 2026 में ही 807 बच्चों की गुमशुदगी रिपोर्ट हुई है।
- कर्नाटक में 2020 और 2024 के बीच लगभग 14,878 बच्चों की गुमशुदगी रिकॉर्ड में दर्ज है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा बेंगलुरु शहर का था। यहां लापता बच्चों में 72% लड़कियां हैं।
- मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा बच्चों की गुमशुदगी वाले राज्यों में एक है और इंदौर में यह संख्या सर्वाधिक है। इंदौर के बाणगंगा और लसूड़िया शहर राज्य में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।
- भोपाल में भी बच्चों के लापता होने के आंकड़े काफी भयावह हैं। मध्य प्रदेश में चार वर्षों में लगभग 59,000 बच्चे लापता हुए, जिनमें भोपाल और इंदौर के आंकड़े सबसे अधिक थे।

### लापता बच्चों में 71% लड़कियां

- एनसीआरबी के मुताबिक औसतन लापता बच्चों में लगभग 70% से 71% लड़कियां होती हैं, लड़कों का हिस्सा लगभग 29% से 30% रहता है।
- वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार जहां लगभग 17,000 लड़के लापता हुए, वहीं लापता होने वाली लड़कियों की संख्या 45,000 से अधिक थी।
- लड़कियों की गुमशुदगी के मामलों में मानव तस्करी, जबरन विवाह और घरेलू काम के लिए शोषण जैसे कारण प्रमुख रूप से चिह्नित किए गए हैं।
- लापता होने वाले बच्चों में 80% से अधिक 12 से 18 साल उम्र के होते हैं। इनमें 15 से 18 वर्ष आयु की किशोरियों की संख्या सबसे अधिक है।

### सरकार के कदम

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सके ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर पुलिस और नागरिक लापता बच्चों का डेटा साझा करते हैं।
- ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अभियान चलाकर रेलवे स्टेशनों व शेल्टर होम में मौजूद बच्चों को परिजनों से मिलाते हैं।
- पुलिस लापता बच्चों की फोटो का मिलान शेल्टर होम के बच्चों से करने को फेशियल रिकग्निशन सिस्टम अपना रही है।

# दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल

## अमेरिकी कानून को अपनी ढाल बनाकर संसद की समिति के सवालों के जवाब देने से किया इन्कार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी ऑन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहाँ वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है।

वह जेल के ही बंद कमरे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया। कोमर ने कहा, यह स्पष्ट रूप से बहुत निराशाजनक है। हमारे पास उन अपराधों के बारे में पूछने के लिए कई सवाल थे जो उसने और एप्स्टीन ने किए थे, साथ ही संभावित सह-साजिशकर्ताओं के बारे में भी सवाल थे। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों के लिए न्याय ही इस जांच का मकसद है।



• कुख्यात यौन अपराधी के सहयोगियों का पता लगाने को पूछताछ करना चाहती थी समिति

दरअसल, अमेरिकी संविधान का पांचवां संशोधन अमेरिकियों को सवालों का जवाब देने से इन्कार करके खुद के खिलाफ सबूत देने से बचने का अधिकार देता है। सोमवार को हुई सुनवाई के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि मेलानी स्टैंसबरी ने बताया कि मैक्सवेल ने इस अवसर का उपयोग क्षमादान के लिए अभियान चलाने के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि एप्स्टीन के पीड़ितों से बात करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मैक्सवेल एक बहुत बुरी महिला है जो किसी भी प्रकार की छूट दिए जाने की जरा भी हकदार नहीं है।

### वकील ने कहा- ट्रंप क्षमादान दें तभी सच बताएगी मैक्सवेल

मैक्सवेल के वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से क्षमादान दिया जाता है तभी मैक्सवेल पूरी तरह और ईमानदारी से बोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, केवल वही पूरा विवरण दे सकती है। कुछ लोगों को शायद वह पसंद न आए जो वे सुनेंगे, लेकिन सच्चाई मायने रखती है। मैक्सवेल की पेशी से पहले हाउस ओवरसाइट कमेटी को भेजे गए एक पत्र में एप्स्टीन पीड़ितों के एक समूह ने सांसदों से मैक्सवेल द्वारा दी गई किसी भी जानकारी पर संदेह करने का आग्रह किया। उन्होंने एप्स्टीन के तस्करी अभियान में शामिल कई शक्तिशाली लोगों की पहचान करने से इन्कार करने और कानून प्रवर्तन के साथ सार्थक सहयोग न करने के लिए उसकी आलोचना की। मैक्सवेल को 2021 में अपने पूर्व प्रेमी एप्स्टीन के लिए नाबालिग लड़कियों को शोषण के लिए फंसाने में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। एप्स्टीन की 2019 में जेल में मृत्यु हो गई थी।

## बढ़ते दबाव के बीच स्टार्मर का इस्तीफा देने से इन्कार

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

स्टार्मर लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने को कहा है।स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।

## लावरोव ने कहा- तनाव बढ़ाने की ओर पहला कदम नहीं उठाएगा रूस अमेरिका के कदमों पर रखेगा नजर

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को कहा कि नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की अवधि समाप्त होने के बाद अब रूस इस बात पर बारीकी से नजर रखेगा कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। लावरोव ने रूस के राष्ट्रीय टीवी चैनल एनटीवी के साथ साक्षात्कार में कहा, हम इस स्थिति को पूरी जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे और तनाव बढ़ाने की दिशा में पहल करने वाले पहले पक्ष नहीं बनेंगे। लावरोव ने स्पष्ट किया कि रूस तनाव बढ़ाने की दिशा में पहला कदम नहीं उठाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस की क्षमताओं को ध्यान में रखे बिना भविष्य में किसी बहुपक्षीय हथियार नियंत्रण समझौते की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से कहा है कि अब चीनियों के साथ समझौता करना आवश्यक है। चीन ने कई बार अपना रुख स्पष्ट किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन अगर इस प्रक्रिया का ध्यान इस तरह के त्रिपक्षीय मोड की ओर स्थानांतरित किया जाता है तो यह केवल मुद्दे के मूल सार को किनारे करने की इच्छा हो सकती है।



• न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद रूसी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया

## ट्रंप की कनाडा को धमकी, गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल का न करे उद्घाटन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले पुल का उद्घाटन तब तक न करने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को पूरा मुआवजा नहीं मिल जाता। गॉर्डी होवे नाम का यह अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने के बाद अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विंडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाले 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं। परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस पुल का वित्तपोषण कनाडाई सरकार कर रही है, लेकिन पूर्ण होने पर इसका सार्वजनिक स्वामित्व कनाडा और मिशिगन दोनों के पास होगा। ट्रंप गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल के उद्घाटन को कैसे रोक सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है।

• कहा- पहले अमेरिका से मिली सुविधाओं का पूरा मुआवजा दे कनाडा

## जनमत संग्रह पर यूनुस ने लोगों से की 'हां' में वोट करने की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं तो बांग्लादेश के भविष्य का निर्माण अधिक सकारात्मक तरीके से होगा। यूनुस ने कहा कि जनमत संग्रह के दौरान यदि लोग 'हां' में वोट करते है तो इससे कुशासन दूर करने में मदद मिलेगी। यूनुस का प्रशासन जटिल 84-सूत्रीय सुधार पैकेज को लेकर जनता का समर्थन हासिल करने के लिए अभियान चला रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों ने अंतरिम सरकार से अपेक्षा की है कि वह निष्पक्ष रुख बनाए रखे। कुछ न्यायविदों ने जनमत संग्रह की वैधता पर भी सवाल उठाया, क्योंकि बांग्लादेश के संविधान में इस तरह के जनमत संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है।

• न्यायविदों ने बांग्लादेश में जनमत संग्रह की वैधता पर उठाए सवाल

# वीडियो मामले में असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वामपंथी नेताओं की उस याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें भाजपा के आधिकारिक 'एक्स' खाते पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इस वीडियो में शर्मा एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर राइफल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अगुवाई वाली पीठ ने वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। पाशा भाकपा और माकपा के कुछ नेताओं की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने कहा, हम इस अदालत से असम के मुख्यमंत्री के चिंताजनक बयानों और हाल में पोस्ट किए एक वीडियो को लेकर तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। इस संबंध में शिकायतें देने के बाद भी अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



• सीजेआई बोले- चुनाव से पहले कोर्ट में लड़ी जाती है राजनीतिक लड़ाई

सीजेआई ने कहा, समस्या यह है कि जैसे ही चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। हम मामले को देखेंगे और तारीख देंगे। शर्मा का एक वीडियो भाजपा की असम इकाई ने सात फरवरी को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते से साझा किया था जिसमें में शर्मा को राइफल से दो लोगों की ओर निशाना साधते हुए देखा जा सकता है -जिनमें से एक ने टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है। इस वीडियो को लेकर व्यापक आक्रोश जताया गया और इसकी निंदा हुई थी। हिंसा और सांप्रदायिक नफरत भड़काने के आरोपों के बाद भाजपा ने पोस्ट को हटा लिया था।

## बुर्किना फासो में सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध

**औगाडोगू।** बुर्किना फासो की अस्थाई संसद ने सोमवार को एक विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक यह कदम कैप्टन इब्राहिम तरोरे के नेतृत्व वाले सैन्य शासन को अपनी पकड़ को और मजबूत करेगा।

विधेयक को सांसदों के किसी भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। यह विधेयक राजनीतिक दलों के चार्टर और दलों के वित्तपोषण, चुनावी अभियानों और राजनीतिक विपक्ष की स्थिति से संबंधित कानून को रद्द करता है। वर्ष 2022 में सेना के सत्ता संभालने के बाद से इस 'साहेल' देश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां पहले से ही रुकी हुई हैं।

# अमेरिकी संसद में लाया गया एच-1 बी वीजा कार्यक्रम खत्म करने का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि कंपनियों ने बार-बार इस प्रणाली का दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी श्रमिकों को अमेरिका में आयात किया है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब ने 'एक्साइल' अधिनियम पेश किया, जिसमें आव्रजन और नागरिकता कानून में संशोधन करके एच-1बी वीजा खत्म करने का प्रस्ताव है। स्ट्यूब ने कहा, अमेरिकी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि की तुलना में विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता देना हमारे राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कामगार और युवा एच-1बी वीजा कार्यक्रम के कारण लगातार विस्थापित और अधिकारहीन हो रहे हैं, जो हमारे कार्यबल की कीमत पर कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को लाभ पहुंचाता है। हम अपने बच्चों के सपने को तब तक बरकरार नहीं रख सकते जब तक हम उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को सौंपते रहेंगे। इसीलिए मैं 'निर्वासन अधिनियम' पेश कर रहा हूं, ताकि मेहनतकश अमेरिकियों को फिर प्राथमिकता दी जा सके।

• अमेरिकी सांसद ने कहा- इस कार्यक्रम से अधिकारविहीन हो रहे हैं हमारे लोग

बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अमेरिका में रहने और काम करने के लिए एच-1बी वीजा का उपयोग करते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कानूनी और अवैध दोनों तरह के आव्रजन पर कार्रवाई तेज कर दी है और एच-1बी जैसे वीजा पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने एच-1बी कार्यक्रम के दुरुपयोग को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

## इजराइली हमलों में गाजा में तीन लोगों की और मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा सिटी के पश्चिम में इजराइल के सैन्य हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को अस्पताल लाया गया।

ये हमले युद्धविराम समझौता लागू होने के बीच हुए हैं। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी शहर रफाह में उसके सैनिकों पर गोलीबारी के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए ये हमले किए। उसने अपने सैनिकों पर हुए हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। सेना ने कहा कि वह सटीक तरीके से अपने लक्ष्यों को निशाना बना रही है।

# सिडनी में इजराइली राष्ट्रपति की यात्रा का विरोध, हिंसक झड़प

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग की यात्रा के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। सिडनी में सोमवार रात हुए इस विरोध प्रदर्शन में पुलिस की ओर से बल प्रयोग किए जाने के वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है।

• पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, 27 लोग गिरफ्तार, कई पुलिसकर्मी घायल


न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस के अनुसार, इस प्रदर्शन में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से नौ पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि झड़प के दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त माल लेनन ने कहा कि अधिकारियों ने असाधारण संयम बरता और जो आवश्यक था, वही किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शन सिडनी टाउन हॉल के बाहर आयोजित किया गया था। पुलिस के अनुसार करीब 6,000 लोग मौजूद थे, जबकि आयोजकों ने संख्या 50,000 बताई। वीडियो फुटेज में पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों को धक्का देते, मुक्के मारते और कुछ मुस्लिम प्रदर्शनकारियों को नमाज़ के दौरान खींचकर ले जाते देखा गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उन्हें टाउन हॉल से संसद भवन तक मार्च की अनुमति दी होती तो स्थिति टाली जा सकती थी।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 09 .58 तक तत्पश्चात दशमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 10 .53 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** - आज दूसरों के मामलों में बिल्कुल हस्तक्षेप न करें। पारिवारिक हितों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। किसी पुरानी नकारात्मक घटना के कारण आप व्यथित हो सकते हैं, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा।

**वृष** - आज शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। घर में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन** - आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक संतुलित रहेगी। समयानुसार अपने स्वभाव में बदलाव लायें। दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करें। अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान हो सकता है। किसी गंभीर समस्या का समाधान आपको मिल जाएगा।

**कर्क** - आज अपना काम स्वयं करें तथा दूसरों पर बिल्कुल भी न छोड़ें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। नए कार्यों की शुरुआत को टालना बेहतर होगा। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या हो सकती है।

**सिंह** - आज आपको धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। गृहकार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। भाई-बहनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे।

**कन्या** - आज दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। आप सस्ते दामों पर महंगी वस्तु खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चिंता दूर होगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला** - आज आपकी योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा होगी। परिवार के वातावरण को लेकर थोड़े अशांत रहेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी।

**वृश्चिक** - आज दिन की शुरुआत में आंतरिक ऊर्जा में कमी महसूस कर सकते हैं। आर्थिक परेशानियों से काफी हद तक निकल पाएंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत आशावादी रहेंगे। पिछले कुछ समय से यदि स्वास्थ्य समस्या थी तो दूर हो सकती है।

**धनु** - आज समाज में हो रहे परिवर्तन को लेकर चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान परेशानी होगी अपने व्यवहार में अधिक परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। मित्रों की सलाह लेने से लाभ होगा।

**मकर** - आज दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे। किसी विशेष बड़े कार्य में सफलता मिल सकती है। मित्र आपका सहयोग करेंगे। घर की सजावट में आप विशेष रुचि लेंगे।

**कुंभ** - आज अधिकारियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। घर में अतिथि आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। साझेदारी में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने ऋण को चुकाने का बेहतरीन समय है।

**मीन** - आज आपका समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। नौकरी में स्थानांतरण होने की संभावना है।

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |



"अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका


# स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड -ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

# पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रनों से हराया

## आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : फरहान के अर्धशतक और स्पिन गेंदबाजी का प्रदर्शन से मिली जीत, अमेरिका के रंजने का पचासा नहीं आया काम

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के प्रदर्शन से मंगलवार को अमेरिका को आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंदों की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिर उस्मान तारिक (तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (एक विकेट), शादाब खान (दो विकेट) और अबरार अहमद (एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। टूर्नामेंट में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन,) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका।

सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। लेकिन उसके बाद स्पिनरों के आने से उनके लिए सब कुछ मुश्किल हो गया। अमेरिका के 8 में से 7 विकेट स्पिन गेंदबाजों के नाम रहे। अमेरिकी टीम ने कप्तान मोनंक पटेल के विकेट गंवाने के साथ अगले चार ओवर में सिर्फ 18 रन जोड़े। जहांगीर भी जल्द आउट हो गए। रंजने और मिलिंद (23) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन जोड़े लेकिन जरूरी रन-रेट इतना अधिक था कि कुछ तेज हिट लगाने के बाद भी उसे पूरा नहीं किया जा सका। इससे पहले फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते पाकिस्तानी खिलाड़ी।

अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद पर जबरदस्त छक्का लगाया। फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे।

उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौंवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका। फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत ने आउट किया।

### पाकिस्तान

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| सईम अयूब बो शाल्कविक | 19 |
| फरहान का कृष्णमूर्ति बो हरमीत | 73 |
| सलमान आगा बो शाल्कविक | 01 |
| बाबर आजम बो मोहसिन | 46 |
| नवाज बो नेत्रवलकर | 05 |
| शादाब खान बो शाल्कविक | 30 |
| फहीम अशरफ बो शाल्कविक | 01 |
| उस्मान खान रन आउट | 00 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 09 |
| अबरार अहमद रन आउट | 00 |

**गेंदबाजी :** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-40-1, अहसन आदिल 3-0-39-0, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मिलिंद कुमार 1-0-16-0, मोहम्मद मोहसिन 4-0-27-1, हरमीत सिंह 4-0-41-1

### अमेरिका

**158/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| एंड्रिस गौस बो नवाज | 13 |
| श्यान जहांगीर बो शादाब | 49 |
| मोनांक पटेल बो शादाब | 03 |
| मिलिंद कुकार बो उस्मान तारिक | 29 |
| शुभम रंजने बो अफरीदी | 51 |
| संजय कृष्णमूर्ति बो अबरार | 00 |
| हरमीत सिंह बो तारिक | 06 |
| मोहम्मद मोहसिन बो तारिक | 00 |
| शैडली वान शाल्कविक नाबाद | 01 |
| अहसान आदिल नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 4-0-42-1, सईब अयूब 1-0-11-0, अबरार अहमद 4-0-30-1, मोहम्मद नवाज 3-0-21-1, शादाब खान 4-0-26-2, उस्मान तारिक 4-0-27-3

## हाईलाइट

### हसरंगा और ब्रैसवेल टी20 विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल चोट से टी20 विश्व कप के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए। हसरंगा को रविवार को आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका के शुरुआती मैच के दौरान बाईं मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। आईसीसी ने हसरंगा के स्थान पर लेग स्पिन हरफनमौला दुशान हेमांथ को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। माइकल ब्रेसवेल को न्यूजीलैंड के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई। यह मैच 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि ब्रेसवेल पिछले महीने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में लगी पिंडली की चोट से उबर चुके थे, लेकिन रविवार को अभ्यास के दौरान मांसपेशी दोबारा चोटिल हो गई।

### तनिष्का, नायशा ने क्वालीफाइंग दौर में

**चेन्नई।** युवा पैडलर तनिष्का कालभैरव और नायशा रेवास्कर ने मंगलवार को यहां डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 के अपने महिला एकल मैच में शानदार जीत दर्ज की और फाइनल क्वालीफाइंग दौर में पहुंच गईं। तनिष्का ने दूसरे क्वालीफाइंग दौर में मारिया रोनी को हराया जबकि नायशा ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली पलक धिया को हराकर फाइनल क्वालीफाइंग में जगह बनाई। गुनगुन साहू ने अपने से बेहतर रैंकिंग पर काबिज हार्दी पटेल को हराकर क्वालीफाइंग के आखिरी दौर में जगह बनाई। पुरुषों के एकल वर्ग में भारत के उमेश ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नेपाल के राजीव चिकनबंजार को से हराकर तीसरे क्वालीफाइंग दौर में जगह बनाई।

## न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

**चेन्नई।** टिम साइफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15 .2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच साइफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं साइफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।



रन के लिए दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट।

## नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए। जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा। इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया।



नीदरलैंड्स के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

# अभिषेक अस्वस्थ, पूरी तरह फिट बुमराह ने किया अभ्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।



सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया।

### भारत पाकिस्तान का सामना करने को तैयार : डोएशे

सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप के लीग मैच में पाकिस्तान का सामना करने के लिए पहले से ही तैयार थी और पड़ोसी देश के हाल में मुकाबले के बहिष्कार को खत्म करने के निर्णय से टीम का ध्यान केवल क्रिकेट पर केंद्रित है। डोएशे ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बारे में कहा कि खिलाड़ियों के मन में कभी यह नहीं था कि उन्हें वॉकओवर मिलेगा। हमने कभी भी तैयारी में कोई बदलाव नहीं किया कि मैच नहीं होगा। हमें हमेशा से लग रहा था था कि कुछ होगा और हम खेलेंगे इसलिए यह हमारे खेलने के तरीके में कोई बड़ा बदलाव नहीं है।

## डेविस कप में भारत के नए नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे।

## पीसीबी को मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

कराची, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

वहीं, श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत से होने वाले मैच का बहिष्कार वापस लेने पर प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया।

### विवाद सुलझाने के लिए आईसीसी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया।

### हमारा लक्ष्य बांग्लादेश को सम्मान दिलाना

**पेशावर।** पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का फैसला केवल बांग्लादेश को सम्मान दिलाने के उद्देश्य से था। बांग्लादेश को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इन्कार करने पर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद पाकिस्तान ने घोषणा की कि उसकी टीम 15 फरवरी को ग्रुप मैच में भारत के खिलाफ मैदान में नहीं उतरेगी। पीसीबी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के बीच हुई बात के बाद पाकिस्तान सरकार ने बहिष्कार वापस ले लिया।

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

## आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



सोफिया ने 358.2 अंक हासिल किए, जो आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान की निटोमिरिस अमानोवा ने रजत पदक हासिल किया।

# आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

### रणजी ट्रॉफी

- सुदीप तिहरे शतक से एक रन चूके, बंगाल ने पहली पारी में ही ठोक दिए 629 रन

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बढ़त ली। आंध्र दूसरी पारी में 244 रन बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड में होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। बंगाल के गेंदबाजों ने स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।

### वैसाख की वापसी, केएल राहुल, प्रसिद्ध रणजी सेमीफाइनल के लिए कर्नाटक टीम में

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार की उत्तराखंड के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए मंगलवार को कर्नाटक टीम में वापसी हुई। सेमीफाइनल लखनऊ में होगा। वैसाख चोट से दो राउंड में नहीं खेल पाए थे। अब वह देवदत्त पडिक्कल की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय टीम में साथी तेज गेंदबाज एम वेंकटेश की जगह लेंगे। केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में बने रहेंगे। पूर्व खिलाड़ी येरे गौड़ की कोचिंग वाली कर्नाटक ने मुंबई को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। कर्नाटक टीम में देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, केवी अनीश, करुण नायर, आर स्मरण, श्रेयस गोपाल, कृतिक कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी, केएल श्रीजीत, वैसाख विजयकुमार शामिल हैं।

### एफआईएच प्रो लीग | अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम

## बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।



अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे।

## विश्व कप के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 53% दर्शक बढ़े : आईसीसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को बताया कि टी20 विश्व कप के पहले 6 मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53% की बढ़ोतरी हुई है।

विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं। आईसीसी ने कहा कि आईसीसी एप में 2024 के बाद यूजर्स की संख्या में 83 प्रतिशत की वृद्धि देखी है जबकि इसी दौरान आईसीसी वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# चेन्नई ओपन: नागल-मुकुंद अगले दौर में

- पांचवीं वरीयता प्राप्त रियो नोगुची के खिलाफ रावत ने किया उलटफेर

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और मुकुंद शशिकुमार ने मंगलवार को चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर आगे बढ़े, लेकिन दिन की सबसे बड़ी सफलता वाइल्डकार्ड सिद्धार्थ रावत ने पांचवीं वरीयता प्राप्त रियो नोगुची के खिलाफ उलटफेर कर हासिल की।

विश्व रैंकिंग में 715वें स्थान पर काबिज रावत ने विश्व रैंकिंग में 246 स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी की और अगले दो सेट अपने नाम किया। रावत ने कहा कि आज का मैच उतार-चढाव से भरा रहा। पहले सेट में मैंने थोड़ी धीमा शुरुआत की, फिर छोटे ब्रेक के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की।





भारत के नंबर एक और पूर्व चैंपियन सुमित नागल ने धीमी शुरुआत के बाद ब्रिटेन के फेलिक्स गिल को हराया। नागल हाल ही में बैंगलोर में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप जीतने वाली टीम में शामिल थे। मुकुंद ने पहले सेट में शुरुआती ब्रेक से पीछे होने के बावजूद अपने साथी और करीबी दोस्त नितिन कुमार सिन्हा को हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के फ्लोरेंट बक्स पहले दौर के मुकाबले में डेनिस येवसेयेव के खिलाफ तीसरे सेट में रिटायर होने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। शुरुआती दो सेट साझा करने के बाद तीसरे सेट में कजाखिस्तान का खिलाड़ी आगे थे। सीड फेडरिको अगस्टिन गोमेज, ओलिवर क्रॉफोर्ड, इल्या सिमाकिन और फेडरिको फेरेरा सिल्वा भी जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे।